



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 319 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 19 अगस्त 2024 डाक 20 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में हर घर तिरंगा बाइक रैली के दौरान बाइक चलाई



**देश-विदेश**
यह तय करना अदालत का काम नहीं, तीन तलाक को लेकर दाखिल याचिका पर केंद्र सरकार ने क्यों दिया ये जवाब



**कोरिया पेज**
बांध छलकते ही मछली पकड़ने मछुआरों व ग्रामीणों की भीड़, खतरे के बीच लापरवाही बरत रहे



# बीजेपी के बाद टीएमसी ने मांगा सिद्धरमैया का इस्तीफा
# कोलकाता पीड़िता के पक्ष में खड़े होना कांग्रेस को पड़ा भारी

- टीएमसी सरकार के विरोध में सड़कों पर उतरी कांग्रेस
- अपनी सरकार को घिरता देख टीएमसी ने कांग्रेस पर किया पलटवार
- राहुल गांधी की टिप्पणी के बाद आया है टीएमसी का बयान



**कोलकाता, 19 अगस्त [एजेंसी]।**

तृणमूल कांग्रेस ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला बोला। टीएमसी ने यह पलटवार आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में राहुल गांधी की एक टिप्पणी के बाद आया है। दरअसल, आईएनडीआईए गठबंधन की ज्यादातर पार्टियों ने ट्रेनी डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की है। वहीं, ममता बनर्जी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का समर्थन किया है। हालांकि, राहुल गांधी एक ऐसे बड़े नेता हैं जिन्होंने कहा कि कोलकाता की पीड़ित को न्याय दिलाने के बजाय आरोपी को बचाने की कोशिश की जा रही है। अपनी सरकार को घिरता देख टीएमसी ने कांग्रेस पर कड़ा पलटवार किया है।

MUDA जमीन घोटाले में आए नाम के बाद कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया को लेकर टीएमसी के पूर्व राज्यसभा सांसद कुणाल घोष ने कहा, क्या राहुल गांधी आप अपने मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने के लिए कहेंगे। यह भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप है। पश्चिम बंगाल की घटना के बारे में सही जानकारी के बिना, ममता बनर्जी द्वारा उठाए गए कदमों को जाने बिना, आपने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की।

## हॉस्पिटल में एडमिट 150 मरीज बाल-बाल बचे, समय रहते आग पर काबू पाई गई

**बिहार।** पटना के रेलवे हॉस्पिटल में सोमवार की सुबह भीषण आग लग गई। जिससे पूरा अस्पताल धुएं से भर गया। सूचना लगते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंच गई। आग हॉस्पिटल के पहले फ्लोर पर लगी थी। दावा किया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। हालांकि, अभी आग लगने के सही कारणों का पता नहीं लग पाया है और अभी तक आग लगने की वजहों को लेकर आधिकारिक बयान भी नहीं आया है।

## आते हैं वहीं मार देंगे, नीतीश के फेमस विधायक की दादागीरी, जदयू नेता को दी जान से मारने की धमकी



**भागलपुर, 19 अगस्त [एजेंसी]।**

अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले गोपालपुर के जदयू विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। इस बार जदयू के ही नेता नरेश मंडल ने उन पर गंभीर आरोप लगाया है। नरेश मंडल का कहना है कि विधायक गोपाल मंडल ने न सिर्फ उन्हें फोन पर गालियां दीं, बल्कि 50 हजार रुपये की रंगदारी भी मांगी।इसके साथ ही, विधायक के समर्थकों ने रात में हथियारों के साथ नरेश मंडल को जान से मारने की धमकी भी दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विधायक गोपाल मंडल ने अपने ऊपर लगे आरोप को निराधार बताया है। गोपालपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले जदयू नेता नरेश मंडल के मुताबिक, खगड़ा गांव में उनका लाइन होटल है।

## यूपी के रायबरेली में भीषण सड़क हादसा, अनियंत्रित होकर खाई में पलटा लोडर, एक दर्जन से अधिक घायल



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में सोमवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार लोडर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। तीन घायलों की हालत नाजुक होने पर उन्हें रायबरेली जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कनहा के पास का हुआ। उन्नाव से गंगा स्नान करने के श्रद्धालू लोडर में सवार होकर आ रहे थे। रास्ते में ओवरटेक करने के चक्कर में लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। तीन घायलों की हालत नाजुक होने पर उन्हें रायबरेली जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## रौद्र रूप दिखा रही गंगा के जलस्तर में आई भारी कमी गंडक व बागमती नदियों का तांडव अब भी जारी

**पटना, 19 अगस्त [एजेंसी]।**

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार कमी हो रही है। पटना जिला में अब केवल दो जगहों पर पानी खतरे के निशान से ऊपर है। गांधी घाट पर पानी लाल निशान से 12 सेंटीमीटर तो हाथीदह में 35 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। कई जगहों पर पानी घाट से नीचे जा चुका है। पुनपुन और सोन के पानी में भी कमी आई है। चार-पांच दिनों पहले गंगा उफनाई हुई थी। पटना में सभी जगहों पर यह खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी। दियारा क्षेत्रों में भी पानी घटने लगा है।

हालांकि, पानी लगने के कारण सब्जी की खेती पर काफी प्रभाव पड़ा है। बीते 12 अगस्त को दीघा घाट, गांधी घाट, मनेर एवं हाथीदह में जलस्तर खतरे के निशान से काफी ज्यादा था, लेकिन 18 अगस्त की सुबह जलस्तर में एक मीटर तक कम पानी आंका गया है। करीब एक सप्ताह में मनेर में एक मीटर, दीघा घाट पर 70 सेंटीमीटर, गांधी घाट पर 60 सेंटीमीटर और हाथीदह में एक मीटर से ज्यादा पानी घटा है।

## 29 करोड़ की ठगी, फैक्ट्री संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रायपुर, 19 अगस्त [एजेंसी]।**




शेयर में निवेश और दोगुना मुनाफे के साथ कंपनी में पार्टनर बनाने का झांसा देकर 29 करोड़ की धोखाधड़ी की गई । नेवरा पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। तीन वर्ष पहले हुई इस धोखाधड़ी का मामला कल ही दर्ज कराया है। नेवरा पुलिस के मुताबिक सुपेला नेहरू नगर निवासी संदीप कुमार अग्रवाल (45)से यह धोखा किया गया । विकास मेटेलिक्स एंड एनर्जी लिमिटेड बरतोरी के डायरेक्टर उमेश शर्मा, मनोज शर्मा और श्रीमती लक्ष्मी शर्मा ने जून 22 को संदीप को अपनी कंपनी में निवेश करने का आफर दिया । कहा कि उनकी कंपनी के शेयर में निवेश करने पर अधिक लाभ होना है।

और साथ ही में कंपनी का पार्टनर बनाने की भी बात कही। इस पर भरोसा कर संदीप ने 29 करोड़ का निवेश किया। रकम लेकर तीनों ने शेयर नहीं दिए। और मुनाफे देने के बजाए संदीप के फर्जी हस्ताक्षर कर मुनाफे को अन सिक्योर्ड लोन दिखाते रहे। इस दौरान संदीप हर माह, वर्ष मुनाफा मांगता रहा। तीन वर्ष बाद भी मुनाफा, मूलधन, पार्टनरशिप न मिलने पर संदीप ने कल रात नेवरा थाने में तीनों पर बीएनएस की धारा 316-5,318-4,3-5 का अपराध दर्ज कराया।

## उज्जैन रवाना हुए सीएम विष्णुदेव साय सपरिवार महाकाल के दर्शन करेंगे

**रायपुर, 19 अगस्त [एजेंसी]।**

*सीएम विष्णुदेव साय उज्जैन रवाना हुए। दौरे को लेकर उन्होंने बताया कि आज रक्षाबंधन है और सावन महीने का अंतिम सोमवार भी है। आज सपरिवार महाकाल के दर्शन करने उज्जैन जा रहा हूं। साथ ही उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दोपहर तक उज्जैन से लौट कर अपनी बहनों के साथ रक्षाबंधन का पवित्र पर्व मनाऊंगा।*

# ठाणे में 200 फिट गहरी खाई में जा गिरा दूध का टैंकर

## हादसे में पांच लोगों की मौत और चार घायल

**ठाणे, 19 अगस्त [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रविवार को भीषण हादसा हो गया। यहां के कसारा घाट पहाड़ी खंड इलाके में दूध का एक टैंकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने हादसे को लेकर जानकारी दी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, प्रथम दृष्टया देखने में लगता है कि टैंकर मुंबई की ओर जा रहा था तभी अचानक मोड़ आने पर चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण हादसा हो गया। जानकारी मिलने के बाद उप-विभागीय पुलिस अधिकारी मिलिंद शिंदे, तहसीलदार परमेश्वर कासुले, हाईवे के डीवाईएसपी प्रदीप मैराले, कसारा पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी सुनील बछाओ और राजमार्ग पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं और स्थिति का निरीक्षण किया।

ठाणे ग्रामीण पुलिस के मुताबिक, टैंकर नासिक जिले के सिन्नर से मुंबई की ओर जा रहा था। हादसे के बाद बचाव एवं आपदा प्रबंधन दल के कर्मी मौके पर पहुंचे और भारी बारिश के बीच रस्सियों की मदद से घायल व्यक्तियों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि घायलों को एक निजी एंबुलेंस से घोटी गांव के एक अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।


## अब तक मिल चुके हैं स्वाइन फ्लू के 25 मरीज




**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने साफ किया है कि यदि किसी को भी स्वाइन फ्लू के लक्षण आते हैं, तो वे तत्काल चिकित्सक से परामर्श लेकर अपना टेस्ट कराएं, ताकि स्वाइन फ्लू के मामलों को रोका जा सके। जिले में मलेरिया, डायरिया के बाद स्वाइन फ्लू के मामले भी सामने आने लगे हैं।स्वास्थ्य विभाग को एक के बाद एक बीमारियों से निपटना पड़ रहा है। मौजूदा समय में स्वाइन फ्लू परेशान कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक मौसम में नमी होने के कारण ही स्वाइन फ्लू के वायरस सक्रिय हो गए हैं और लोगों को संक्रमित करने का काम कर रहे हैं। ऐसे में नियंत्रण टीम रोजाना संपर्क में आने वालों का सैंपल ले रही है। इसमे से ही स्वाइन फ्लू पाजिटिव मिल रहे हैं।

यह बात भी सामने आ रही है कि ज्यादातर की ट्रेवल हिस्ट्री निकल रही है। ऐसे में ट्रेवल हिस्ट्री वालों को सलाह दी गई है कि यदि सर्दी, खांसी, बुखार, लगातार नाक बहना, सांस लेने में तकलीफ होने की समस्या है तो तत्काल चिकित्सक के पास जाएं और स्वाइन फ्लू का टेस्ट कराएं। मिलने वाले मरीजों के लिए सिम्स और जिला अस्पताल के आईसोलेशन वार्ड में बेड रखने के निर्देश दिए गए है, ताकि इनके मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

## स्वास्थ्य मंत्रालय के बाहर आज मरीजों का इलाज करेंगे एम्स के डॉक्टर्स, बंगाल गवर्नर ने बुलाई इमरजेंसी मीटिंग



**कोलकाता, 19 अगस्त [एजेंसी]।**

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर डॉक्टरों का आंदोलन जारी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में आज भी डॉक्टर्स हड़ताल पर हैं। एम्स और दिल्ली के अन्य अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर 19 अगस्त से निर्माण भवन में स्वास्थ्य मंत्रालय के सामने सड़क पर मुफ्त ओपीडी सेवाएं देने का ऐलान किया है। वहीं, इस मामले पर सियासत भी जारी है। भाजपा ने एक बार फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस्तीफा मांगा है।

इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में हुए जघन्य अपराध का स्वतः संज्ञान लिया है। 20 अगस्त यानी मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई करने वाली है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मामले को सुनेगी। बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिलने सोमवार को दिल्ली जाएंगे। ज्य की मौजूदा परिस्थिति को लेकर राज्यपाल गृह मंत्री को रिपोर्ट सौंप सकते हैं। गृह मंत्री से मुलाकात के लिए राजभवन ने समय भी मांगा है। सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल सोमवार या मंगलवार को गृह व स्वास्थ्य मंत्री से मिल सकते हैं।

धल्ले आवे नानका सद्दे उठ जावे

**अंतिम अरदास**



श्रीमती कांता भूटानी जी

अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है **श्रीमती कांता भूटानी जी** का निधन दिनांक 18.08.2024 को हो गया है। जिनका पगड़ी रस्म एवं अंतिम अरदास दिनांक 20 अगस्त 2024 दिन मंगलवार को शाम 05 बजे टी.पी.नगर गुरूद्वारे रखा गया है।

समय : कीर्तन शाम 04-05 बजे तक

शोकाकुल :
भूटानी परिवार
कपूर परिवार एवं
तलवार परिवार

## पांच लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन, आज अमरनाथ यात्रा का होगा समापन

**जम्मू-कश्मीर, 19 अगस्त [एजेंसी]।**



श्री अमरनाथ यात्रा सोमवार को पवित्र छड़ी और विशेष पूजा के साथ संपन्न हो जाएगी। इस वर्ष यात्रा ने रिकॉर्ड बनाया है। पिछले दो दशक में चौथी बार ऐसा हुआ है, जब बाबा बर्फानी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पांच लाख से अधिक है। सोमवार को ही श्री बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा भी संपन्न होगी। छड़ी मुबारक रविवार को महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में साधु-संतों के साथ 14800 फुट की ऊंचाई वाले महागुंस टॉप के रास्ते आधार शिविर पंजतरणी पहुंच गई। इससे पहले पवित्र छड़ी सुबह 8.05 बजे शेषनाग से रवाना हुई थी। पंजतरणी में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को छड़ी मुबारक पवित्र अमरनाथ गुफा में पहुंचेगी। इसी के साथ 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा का समापन होगा। सुबह श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर पवित्र गुफा में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पारंपरिक पूजन और अनुष्ठान किए जाएंगे।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## स्कूली छात्राओं ने पीएम मोदी के हाथ में बांधी खास राखी, मां के साथ उनकी स्पेशल



**नईदिल्ली, 19 अगस्त [एजेंसी]।**

देशभर में आज रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं ने पीएम आवास पर पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में राखी बांधी है। छात्राओं ने पीएम मोदी के हाथ में जो राखी बांधी है, उसमें उनकी दिवंगत मां की फोटो लगी है।

इस खास राखी में लगी फोटो में पीएम मोदी अपनी मां के पैरों को धोते हुए नजर आ रहे हैं। रक्षाबंधन त्योहार पर पीएम मोदी ने देश के लोगों को बधाई दी है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखते हुए कहा, समस्त देशवासियों को भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख, समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आए।

# पदोन्नति के साथ 166 शिक्षकों की हुई पदस्थापना

कोरबा। प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठकों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए काउंसलिंग का आयोजन कर पदोन्नति देने के साथ ही साथ पदस्थापना भी प्रदान की गई। शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई काउंसलिंग में मिली पदोन्नति और पदस्थापना को लेकर सर्वे शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव विपिन यादव ने संघ की ओर से कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया है

जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार कोरबा जिले अंतर्गत प्राथमिक शाला के 217 प्रधान पाठक के रिक्त पद पर सहायक शिक्षक से पदोन्नति हेतु कलेक्ट्रेट नवीन सभाकक्ष में काउंसिलिंग का आयोजन आज किया गया। काउंसिलिंग में 217 सहायक शिक्षकों में से 193 लोग उपस्थित रहे तथा 24 अनुपस्थित रहे। उपस्थित रहने वाले 193 में से 27 के द्वारा स्थान प्राप्त नहीं होने के कारण पदोन्नति से इन्कार कर असहमति पत्र प्रस्तुत किया गया एवं 166 सहायक शिक्षकों के द्वारा काउंसिलिंग के दौरान संस्था का चयन करने के तत्काल बाद उसी समय उन्हें प्रधान पाठक के पद पर पदांकन आदेश जारी किया गया और इन पदांकित शिक्षकों को 27 अगस्त तक अपने पदांकन संस्था में कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

डीईओ ने बताया कि उपरोक्त काउंसिलिंग छग शासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं काउंसिलिंग समिति द्वारा लिये गये निर्णय/अनुशंसा के आधार पर किया गया है। काउंसिलिंग की कार्यवाही पूरी शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई, जिसमें किसी भी शिक्षक/शिक्षिकाओं अथवा किसी के द्वारा कोई भी असंतोष व्यक्त नहीं किया गया।

काउंसिलिंग के दौरान टीआर भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर कोरबा (अध्यक्ष), टीपी उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा (सदस्य सचिव), संदीप पाण्डेय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी करतला (सदस्य), टी.आर. रत्नाकर, प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल कथरीमाल (सदस्य), श्रीमती व्ही.ए. दास, प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल जेपी कॉलोनी (सदस्य) एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी और विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, जिला कोरबा सहित कार्यालयीन कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्लोबल माइनिंग ऑपरेटर के रूप में निजी कंपनियां कोयला खनन में करेगी एंट्री

कोरबा। एमडीओ (माइन डेवलपर एवं ऑपरेटर) की तर्ज पर अब ग्लोबल माइनिंग ऑपरेटर के रूप में निजी कंपनियां कोयला खनन में एंट्री करेंगी। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में ग्लोबल माइनिंग ऑपरेटर को खनन के लिए आमंत्रित किया जा रहा हैं। कोयला मंत्रालय ने कोयला उत्पादन लागत कम करने एवं आयात घटाने के लिए वैश्विक स्तर पर निजी कंपनियों को कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में कोयला खनन के लिए आमंत्रित कर रही हैं। इस बाबत कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियों को मंत्रालय से कई गाइडलाइन दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि कोयला मंत्रालय ने कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि करने, आयातित कोयले पर निर्भरता कम करने एवं सबसे महत्वपूर्ण कोयला लागत को घटाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के तहत प्रमुख कोयला खदान परियोजनाओं के लिए खनन डेवलपर्स सह ऑपरेटरों (एमडीओ) को शामिल करके कोयला खनन में क्रांति लाने के लिए एक परिवर्तनकारी पहल शुरू की है। आधिकारिक सूत्र ने बताया कि माइन डेवलपर्स एवं ऑपरेटर (एमडीओ) का ही विस्तारित रुप ग्लोबल माइनिंग ऑपरेटर है। शुरुआत में एमडीओ कार्यान्वयन के लिए 168 मिलियन टन व क्षमता वाली 15 कोयला खदान परियोजनाओं की पहचान की गई थी। अब 257 मिलियन टन की कुल क्षमता वाली 28 परियोजनाओं (18 खुली खदान और 10 भूमिगत खदानें) तक विस्तारित हो गई है। आज तक 18 खदानें निजी पार्टियों को आवंटित की गई हैं। खुली वैश्विक निविदाओं के माध्यम से चुने गए ये प्रतिष्ठित ऑपरेटर, समझौते के अनुरूप, उत्खनन और निष्कर्षण से लेकर कोयले की डिलीवरी तक पूरी खनन प्रक्रिया की देखरेख करेंगे। उनकी भागीदारी से सिस्टम में उन्नत तकनीक और अद्वितीय परिचालन दक्षता आने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन क्षमताओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। माइन डेवलपर्स एवं ऑपरेटर पुनर्वास (आर एंड आर) मुद्दों, भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण मंजूरी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का प्रबंधन करेंगे। वे पर्यावरण मानकों की कड़ाई से पालन की गारंटी के लिए राज्य और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के साथ भी समन्वय करेंगे। मालूम हो कि निजी कंपनियों को कम से कम 25 साल के लिए खदानें दी जाएंगी।

# क्षत्रिय राठौर समाज ने मनाया सावन महोत्सव



कोरबा। क्षत्रिय राठौर समाज कोरबा की महिला मंडल द्वारा आज डी डी एम स्कूल रोड स्थित क्षत्रिय राठौर समाज के सामाजिक भवन में सावन महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर सावन क्वीन प्रतियोगिता के साथ-साथ महिलाओं के विभिन्न खेल जैसे कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ मकटा फोड, गीत गायन व नृत्य स्पर्धा का भी आयोजन किया गया।

समाज के सचिव दिनेश राठौर ने बताया कि सावन क्वीन का चयन लकी ड्रा के माध्यम से हुआ। जिसमें मीना राठौर (रलिया) को प्रथम स्थान, चित्रलेखा राठौर को द्वितीय स्थान तथा प्रतिमा राठौर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं की नवकार ज्वेलर्स के सौजन्य से पुरस्कृत किया गया।

क्षत्रिय राठौर समाज के अध्यक्ष संतोष राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षत्रिय राठौर समाज के द्वारा सावन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस प्रकार के आयोजन से समाज के लोगों की प्रतिभा निखारने, मनोबल बढ़ाने और समाज के लोगों में एक जुड़ता लाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुखरूप से नंदनी राठौर, चन्द्रकला राठौर, शारदा राठौर, प्रमिला राठौर, प्रमिभा राठौर, दीपा राठौर, कुमुद राठौर, उज्जवला राठौर, उषा राठौर, मीना राठौर, प्रीति राठौर, संगीता राठौर, प्रमिभा राठौर, उषा राठौर, पूर्णिमा राठौर, पिंकी राठौर, अनसुईया राठौर, मार्टिना राठौर, सुनील बाई राठौर, दिव्या राठौर, तोरण राठौर, स्वाती राठौर, तिरूपति राठौर, भुनेश देवी, सतरूपा राठौर, श्रद्धा राठौर, गुंजा राठौर, सीता राठौर, मीनाक्षी राठौर, भगवती, शशी राठौर, हेमलता राठौर, विद्या राठौर, नीतु राठौर, मंजु राठौर, सुनीता राठौर, कलेश्वरी राठौर, संतोषी राठौर, रंजीता र ठौर, मृदुला राठौर, ज्योति राठौर, नीरा राठौर, मंजू राठौर, पुजा राठौर, दिया राठौर, सीता देवी, अनिता , निधि राठौर, रजनी, दीपिका, निशा राठौर, रोशनी, रीता राठौर, राजेश्वरी, प्राची राठौर, उर्मिला, मंजुलता राठौर, मधु राठौर, आशा राठौर, जयकुमारी, पुष्पा, नम्रता राठौर, सहित स्वजातीय गण भारी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन उज्ज्वला राठौर ने किया।

## रेल कॉरिडोर ने पूर्ण अधीग्रहण की मांग को लेकर कल रेल रोको आंदोलन



कोरबा। रेल कॉरिडोर के कारण भविष्य में कृष्णा नगर दीपका के टापू बन जाने और प्रदूषण की खतरे को देखते हुये बस्ती का पूर्ण अर्जन की मांग पर यहां के नागरिक अब रेल रोको आंदोलन की तैयारी में है और घोषणा किया है कि 20 अगस्त को गेवरा -दीपका के बीच रेल मार्ग में चलने वाली रेलगाड़ी को चलने नहीं दिया जाएगा ।

गेवरा पेंड्रा रेल कॉरिडोर परियोजना से एसईसीएल दीपका गेवरा से सम्पर्क रेल लाइन के कारण नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड 7 कृष्णा नगर वासियों के लिए अभिशाप बन जाने का खतरा मंडरा रहा है । इस रेल पथ के प्रस्ताव आने के बाद से ही विरोध हो रहा है ।कृष्णा नगर चारों दिशाओं से रेल पथ , कोयला सड़क , वाशरी से घिर रहा है जिससे यहां के रहवासियों को आवागमन के साथ ही प्रदूषण की समस्याओं से जीना दूभर हो जाएगा । पूर्व में यहां के 42 मकानों का अर्जन किया जा चुका है और बस्ती से रेल लाइन गुजरने से अन्य 140 मकान में रहने वाले 3000 से ज्यादा की आबादी प्रभावित होंगे जिनका पूर्ण अर्जन अन्य स्थान पर पुनर्वास की मांग की मांग की जा रही है बस्तीवासी अपने चरणबद्ध आंदोलन के तहत पूर्व में एसडीएम कार्यालय कटघोरा और कलेक्ट्रेट में रैली प्रदर्शन कर चुके हैं और 20 अगस्त को रेल जाम करने की चेतावनी दिया हुआ है 6 अगस्त को कलेक्टर ने रेल व एसईसीएल प्रबन्धन के साथ वार्ता का आश्वासन दिया था पर अभी तक किसी तरह की पहल नही हुआ है इसलिए रेल जाम की तैयारी को लेकर कृष्णा नगर के लोगों ने आज बैठक किया और बस्ती के बाहर मानव श्रृंखला बनाकर हाथों में तख्ती लेकर अपनी गुस्सा का इजहार भी किया है ।

# मरेलिया व डेंगू के रोकथाम के लिए नगर निगम वार्डों में कर रहा दवाओं का छिड़काव

कोरबा । जिला कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा-निर्देशन में डेंगू मलेरिया संभावित वार्डो मुड़ापार व सुभाष ब्लाक में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बचाव व सुरक्षा हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगम की तीन टीमें घर-घर पहुंचकर लोगों को डेंगू, मलेरिया व संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक कर रही हैं एवं मच्छर व कीटनाशक दवाओं का पर्याप्त छिड़काव किया जा रहा है। इस अभियान में वार्ड पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व आमनागरिकों का सहयोग मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु के दौरान कीटजनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया व जलजनित बीमारियों पीलिया, डायरिया, डिसेंटरी आदि बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत एक माह से विभिन्न वार्ड व बस्तियों में कीटनाशक एवं मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव अपने सफाई संबंधी रूटिन वर्क के साथ-साथ कराया जा रहा है। डेंगू मलेरिया संभावित क्षेत्रों में अब निगम द्वारा विशेष अभियान शुरू किया गया है।

आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने इस हेतु निगम के स्वच्छता विभाग, राजस्व विभाग के कर्मचारियों, वार्ड की मितानिन आदि को मिलाकर टीम गठित कर संबंधित वार्डो में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में वार्ड क्र. 25, 26 मुड़ापार व सुभाष ब्लाक एसईसीएल क्षेत्र में यह अभियान प्रारंभ किया गया है, निगम की 03 टीमें वार्ड, कालोनी व बस्ती के घर-घर पहुंचकर डेंगू, मलेरिया व मौसमी बीमारियों से बचाव व सुरक्षा हेतु लोगों को जागरूक कर रही हैं तथा कीटनाशक व मच्छररोधी दवाओं का व्यापक रूप से छिड़काव एक विशेष अभियान के रूप में कराया जा रहा है।कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन व आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा-निर्देशन में सभी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर छात्र-छात्राओं को डेंगू, मलेरिया व मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें इन विद्यालयों में पहुंचकर कैंप कर रही हैं तथा घर व आसपास की स्वच्छता एवं मच्छर को उत्पन्न होने से रोकने संबंधी विभिन्न उपायों को अपनाने के लिए छात्र-छात्राओं को आवश्यक जानकारियाँ देने के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कर रही हैं।आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि कीटजनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया व जलजनित बीमारियों जैसे पीलिया, डायरिया, डिसेंटरी आदि से बचाव व सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानी बरतें, घरों में मच्छरों को न पनपने दें, कूलर, छत व घर के आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर पानी की टंकी, खाली टायर, फूलदान, छत में रूका बरसाती पानी सहित अन्य अपशिष्ट वस्तुओं में रूका हुआ बरसाती पानी नियमित रूप से खाली कराएं ताकि मच्छरों के पैदा होने व उनके पनपने का अवसर न मिले। घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली परदें लगाएं, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव कराएं तथा पीने हेतु साफ व स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें।आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मच्छरों को पनपने व उनको बढ़ने से रोकने के लिए लगातार वार्ड व बस्तियों व आवासीय क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव जारी रखें, लोगों के घरों में रखें हुए कूलरों का पानी प्रतिदिन बदला जाए, इस हेतु लोगों को लगातार जागरूक करें। साफ-सफाई कार्यो के प्रति सजग रहें, नालियों, सड़कों के किनारे, मैदानों व अन्य किसी भी स्थल पर पानी का जमाव न हो, यदि कहीं पर भी जल जमाव की स्थिति दिखती है तो तत्काल पानी की निकासी कराएं, जल जमाव क्षेत्रों हैंडपंप व अन्य जल स्त्रोतों के आसपास भी मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव करें।



## सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरी इच्छाशक्ति से कार्य करें:उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन



कोरबा। छत्तीसगढ़ के उद्योग वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा है कि वे केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने हेतु पूरी निष्ठा व दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दर्जनों जनहितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है, इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, लोग योजनाओं से लाभांवित हो, यह हम सबका दायित्व है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर निगम आवासीय परिसर कोरबा में आयोजित एक भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 22 अंतर्गत नगर निगम आवासीय परिसर के पास प्रभारी मंत्री मद से स्वीकृत एवं 05 लाख 50 हजार रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि मेरा लगातार प्रयास है कि कोरबा का समग्र विकास हो तथा हमारा कोरबा एक पूर्ण विकसित शहर बनें। उन्होने कहा कि मुझे जनसेवा का सर्वप्रथम अवसर नगर निगम कोरबा के माध्यम से ही मिला था, एक पार्षद के रूप में और एक महापौर के रूप में मैंने कोरबा की जनता की सेवा की, उस दौरान निगम के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने मेरे साथ मिलकर एक परिवार की तरह कार्य किया तथा कोरबा का ऐतिहासिक विकास किया गया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि कई बड़ी योजनाओं के साथ-साथ लगभग 200 करोड़ रूपये के विकास कार्य वर्तमान में स्वीकृत कराए गए हैं, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन कार्यो की निविदा आदि की कार्यवाही शीघ्र से शीघ्र संपादित कराएं, ताकि विकास कार्य प्रारंभ किए जा सकें तथा इनका लाभ आमजनता को प्राप्त हो सके।

सार्वजनिक पण्डाल निर्माण की घोषणा

इस अवसर पर नगर निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा निगम आवासीय परिसर में सार्वजनिक पण्डाल निर्माण कराए जाने का आग्रह उद्योग मंत्री श्री देवांगन से किया, जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए मंत्री श्री देवांगन ने नगर निगम आवासीय परिसर में विधायक निधि से 07 लाख रूपये की लागत से सार्वजनिक पण्डाल का निर्माण कराए जाने की घोषणा की।

कार्यक्रम में डॉ. राजीव सिंह, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, चन्द्रलोक सिंह, नारायणदास महंत, वरिष्ठ नेत्री उमाभारती सराफ, अजय विश्वकर्मा, अधिवक्ता निखिल शर्मा, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, राखी तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## शांति हिरों जैलगांव में ध्वजारोहण



कोरबा। शांति हिरों जैलगांव जमनीपाली में रामायण महिला मंडली साडा कॉलोनी के मुख्य अतिथ्य में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से साथ मनाया गया। जहा सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया। ततपश्चात शांति हिरों के कर्मचारी एवं रामायण महिला मंडली के सदस्यों ने सामुहिक राष्ट्रगान गाया। इस मौके पर रामायण मंडली के अध्यक्ष श्रीमती बेला गायधने ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1947 में आज ही के दिन हमारा देश अंग्रेजों के गुलामी से आजाद हुआ था तभी से हम सब पूरे भारत में आज के दिन स्वतंत्रता दिवस मनाते आ रहे है। सचिव सुनीता शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा अनेक असाधारण एवं दूरदर्शी विभूतियो के नेतृत्व में हमारा राष्ट्रीय आंदोलन अद्वितीय आदर्शों से प्रेरित था। इस मौके पर शांति हिरों के एचआर हेड दीपक पांडेय, व्यवस्थापक अभिषेक शर्मा सहित सभी कर्मचारियों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर रामायण मंडली के अध्यक्ष बेला गायधने, सचिव सुनीता शुक्ला, कोषाध्यक्ष सरला अग्रवाल, अनुराधा तिवारी, सुमन देशमुख, सुधा श्रीवास्तव, बबीता राव, सरिताशर्मा, शोभा गुप्ता, सुधा झा, शोभा सिंह, कुसुम शर्मा, बबीता भलभ्रद आदि अतिथिगणों के उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



## कृष्णा हुण्डई परिवार ने मनाया आजादी का पर्व

कोरबा। कृष्णा हुण्डई परिवार द्वारा स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कृष्णा ग्रुप के चेयरमेन, डायरेक्टर्स एवं कृष्णा परिवार के सदस्यों के साथ समस्त स्टॉफ ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया। कृष्णा ग्रुप के चेयरमेन अशोक मोदी ने शो रूम में उपस्थित समस्त सदस्यों को बताया कि सर्वप्रथम राष्ट्र है। यदि राष्ट्र है तो हम हैं और हमारी डीलरशिप है। हम सबको अपने राष्ट्र के प्रति चिंतन करना चाहिए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सभी लोग अपने अपने कार्य को पूरी ईमानदारी से करें। डायरेक्टर राजा मोदी ने भी बताया कि आज के परिवेश में कृष्णा ग्रुप उन्नति के पथ पर इसलिए है क्योंकि यहां पर समस्त कार्य आधुनिक व उच्च क्वालिटी के संसाधनों से किया जाता है। अंत में कृष्णा ग्रुप के डायरेक्टर गौरव मोदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन पार्वती राठौर ने किया।

## एनएच पर पहुंच रहे हाथी

कोरबा । वन मंडल कटघोरा में 48 हाथियों का झुंड घूम रहा है। केंदई रेंज में 16 हाथियों का झुंड है। दो हाथी मरवाही से पहुंचे हैं, जो कटघोरा अंबिकापुर हाईवे पर चोटिया के पास सड़क पर आ जाते हैं। इसकी वजह से आवाजही भी प्रभावित होती है। हाइवे किनारे पहुंचने पर वन हमले ने हाथियों को सायरन बजाकर जंगल की ओर खदेड़ा।

# सोकेत भवन में मेयर ने फहराया झंडा



कोरबा । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद ने सभापति श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई तथा निगम के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में निगम कार्यालय साकेत भवन में ध्वजारोहण किया तथा स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं नगरवासियों को दी।

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में साकेत में ध्वजारोहण किया। महापौर, सभापति, आयुक्त ने भारत माता एवं महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया तथा ध्वजारोहण किया। उन्होने स्वतंत्रता दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं क्षेत्रवासियों को दी तथा आजादी के लिए अपनी शहादत देने वाले भारत माता के वीर सपूतों की शहादत को नमन किया। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पालूराम साहू, मुकेश राठौर, पार्षद अनुज जायसवाल व राजेन्द्र सूर्यवंशी, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, उपायुक्त द्वय बी.पी. त्रिवेदी व पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, भूषण उरांव, एन.के. नाथ, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, निगम सचिव रामेश्वर कंवर, आनंद राठौर, लीलाधर पटेल, राहुल मिश्रा, अरूण मिश्रा, हेमंत गवेल, अरविंद बानखेड़े, उत्तम साहू, सरस देवांगन, दिवकांत जायसवाल, प्रकाश निषाद, आनंद दुबे, अरविंद सिंह, निगम के सेवानिवृत्त अधिकारी जी.एस. चंदेल, गिरीश साहू, डॉ. शिरीन लाखे, नासिर सईद, एन.पी. देवांगन, डी.एस. बैस, बी.एल. राठौर, जे.पी. बैसवाड़े, श्री कैवर्त्य आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी व आम नागरिकगण उपस्थित थे।इस अवसर पर महापौर, सभापति, आयुक्त एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने वाले कर्मचारियों में उप अभियंता सोमनाथ डहरे, अश्वनी दास, अनिल राम, सहा. कार्या. अधीक्षक जी.एस. चंदेल, सहा.ग्रेड-2 सरस देवांगन, प्र.सहा. रा.निरीक्षक दलजीत सिंह, हैंडपंप मैकेनिक राधेश्याम राठौर, इलेक्ट्रीशियन योगेन्द्र साय, समयपाल तिजाऊ सिंह राजपूत, भृत्य साधराम, ड्रायवर रवि खुंटे, अजय कुमार, हेल्पर मजदूर रामायण श्रीवास, दादूलाल पटेल, नोनी बाई, सफाई कामगार ओमप्रकाश, रमेश चन्द्र आदि शामिल हैं।

## चोरों से माल बरामद

कोरबा। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा के निर्देशन एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंकज ठाकुर तथा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी के मार्गदर्शन मे पुलिस सहायता केन्द्र जटगा प्रभारी धानंजय सिंह नेटी द्वारा प्रार्थी राजेन्द्र यादव निवासी हाथीदर जटगा की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर अज्ञात चोर व चोरी गयी नगदी व सोने चांदी के जेवरात को गांव की राम बाई को उसके अपचारी पुत्र के साथ गिरफ्तार किया गया था।



## जिला एथलेटिक्स संघ की हुई बैठक, कई निर्णय लिए गए

**सक्ती।** जिला एथलेटिक्स संघ सक्ती को खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ शासन से मान्यता के लिये जिला संघ सक्ती के मुख्य संरक्षक श्यामसुंदर अग्रवाल के मार्गदर्शन में वार्षिक महासभा सक्ती विश्राम गृह में 17 अगस्त को हुई। छत्तीसगढ राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई स्टेडियम बिलासपुर के स्पोर्टस ऑफिसर एवं छत्तीसगढ एथलेटिक्स एसोसिएसन के उपाध्यक्ष सुशील मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में बैठक आहूत की गयी थी।

कार्यक्रम के अति विशिष्ठ अतिथि कुमार जितेन्द्र बहादुर सिंह मालखरौदा को जिला एथलेटिक्स संघ का सदस्यता ग्रहण कराया गया। जिला सक्ती अंतर्गत विकासखण्ड इकाई मालखरौदा, डभरा, जैजैपुर, सक्ती के संरक्षक पद पर आयोजित करते हुए सम्मानित किया गया। इस बैठक में सक्ती जिला के चार विकास खण्ड से कुल 24 सदस्यों (देवेन्द्र कुमार राठौर, भूपेश कुमार यादव, रामकुमार कांत, एन. पी. गोपाल, किशन राम रात्रे, सुरेश कुमार जायसवाल, ऋषभ कुमार राठौर, रामेश्वर प्रसाद पैकरा, लीलाधर यादव, पुष्पा यादव, सावित्री यादव, खेमराज पटेल, धनेश राम पटेल, मोहन प्यारे पटेल, सीमा यादव, विभा गोपाल यादव, निशा साहू, अनिता गोपाल, मनीष कुमार साहू, गोपाल पटेल, संतोष कुमार सोनी, गुरूदेव चौधरी, रामदयाल पटेल, रथराम पटेल) ने हिस्सा लिया।

# पेड़ पौधों को भाई मानकर राखी बांधती हैं यहां की महिलाएं

**जांजगीर।** रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है, लेकिन ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में जिला मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर बहेराडीह की महिलाएं पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधों को अपना भाई मानकर उन्हें राखी बांधते हुए इस रिश्ते को एक नया आयाम दे रही हैं। गांव की महिलाएं पिछले तीन साल से रक्षाबंधन पर्व पर पेड़ों के तने व टहनियों पर राखी बांधकर त्योहार मना रही हैं। बहेराडीह बिहान समूह व गांव की अन्य महिलाओं का मानना है कि जिस प्रकार भाई अपनी बहनों की रक्षा करते हैं। उसी प्रकार पेड़ भी निरंतन सभी को आक्सीजन देकर सभी की रक्षा कर रहे हैं। इसलिए वे इस तरह से पेड़ को राखी बांध कर पर्यावरण संरक्षण का लोगों को संदेश दे रही हैं। महिलाओं ने पेड़-पौधों के संरक्षण से जोड़ने का विचार बनाया गया, ताकि पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए लोग और भी ज्यादा प्रेरित हों। महिलाओं ने बहेराडीह किसान स्कूल के पास और 18 अगस्त को पेड़ के तने पर राखी बांधी। इको फ्रेंडली राखी का उपयोग बहेराडीह किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि पिछले तीन साल से आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं ने अपने हाथों से केला, भिंडी, कमल सहित अन्य सब्जी के रेशे से धागा और इको फ्रेंडली राखी बनाई है। पेड़ के तनों की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए इसे तैयार किया जाता है।



## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**अकलतरा।** कल्याणपुर फाटक के पास ट्रैक के पास रविवार को अज्ञात युवक का शव मिला है। युवक की पहचान नही हो सकी है रेलवे फाटक से कुछ दूर एक बाइक पुलिस को मिली है।

बाइक के नंबर के आधार पुलिस युवक की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रविवार को स्टेशन मास्टर ने बताया की एक युवक का रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा हुआ है। पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची, अज्ञात युवक के शरीर के कई हिस्सों में रेलवे ट्रैक पर बिखरा पड़ा हुआ था। शव को रेलवे ट्रैक से बीनकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## रक्षाबंधन की खरीददारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़, लगा जाम



**अकलतरा।** रक्षाबंधन पर्व की खरीददारी को लेकर रविवार को नगर में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। नगर के शास्त्री चौक से रेलवे स्टेशन मार्ग पर ट्रैफिक जाम होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई। ट्रैफिक जाम होने से स्टेशन जाने वाले कई यात्रियों को समय से नहीं पहुंच पाने की वजह से ट्रेन छूटने जैसी समस्या का भी सामना करना पड़ा।

राखी, मिठाई, कपड़ा और अन्य सामग्री की दुकानों पर दिन भर चलह-पहल बनी है। भाइयों के कलाई पर राखी सजाने के लिए बहनों ने जी खोलकर रंग-बिरंगी राखियां, मिठाई आदि सामग्रियों की खरीददारी कर रही हैं। इधर, सब्जी, फल ठेला के साथ दुकानों के सामने स्टाल लगा दिए जाने से जाम की समस्या जटिल हो गई। जाम में फंसे वाहन रेंगते रहे तो पैदल यात्रियों की भी फजीहत बढ़ गई।

## शासकीय वेदराम महाविद्यालय परिसर में लगाया गया पौधा

**मालखरौदा।** पिहरीद स्थित शासकीय बेदराम महाविद्यालय में ध्वजारोहण और पौधरोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जहां नव मनोनीत जन भागीदारी अध्यक्ष लोकेश चंद्रा नगझर प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर बीडी जांगड़े और पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक और विद्यार्थी भी शामिल हुए।

इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपर्णा कया गया। पौधरोपण के दौरान जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष लोकेश चंद्रा ने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधरोपण निरंतर करना चाहिए, जिससे हमारा वातावरण बेहतर रहे और हमें साफ सुथरी हवा मिल सके। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य प्राध्यापकों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान कुलदीप गबेल, शिवसागर निराला, लक्की चंद्रा, नीरज खूंटे, पुष्पेंद्र साहू और रिमझिम भारद्वाज व अन्य मौजूद रहे।

## कथावाचक ने 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा बताई, कौशिक ने की पूजा

**बिलासपुर।** स्व. लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित शिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस पर 12 ज्योतिर्लिंगों की उनके उत्पत्ति के बारे में बताया गया। इसमें कथावाचक आचार्य अमर शुक्ला ने ज्योतिर्लिंगों की महिमा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महादेव की झांकी सजाई गई थी। साथ ही भक्तों ने फूलों से होली भी खेली। मिश्रा परिवार द्वारा कराए जा रहे इस कथा में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक भी पहुंचे और पूजा अर्चना की। समापन पर भक्तों को रुद्राक्ष वितरण किया गया।

## पुलिस बल को मारवाड़ी महिलाओं ने बांधी राखी



**बाराद्वार।** भारतीय सैनिकों और स्थानीय पुलिस बल के जवानों को रक्षाबंधन पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की सदस्यों ने राखी बांधी। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति बाराद्वार की पदाधिकारियों और सदस्यों ने कार्यक्रम का आयोजन कर देश की सीमा में सेवा दे रहे बाराद्वार एवं आसपास गांव में निवास करने वाले सैनिक भाइयों और बाराद्वार पुलिस थाने में पदस्थ जवानों को तिलक लगाकर राखी बांधते हुए उन्हें मीठा खिलाया।



## सावन उत्सव व हरियाली तीज का किया आयोजन

**चांपा।** सावन माह के हरियाली तीज व सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में स्वास्थ तन एवं स्वास्थ मन के लिए पावर योगा के बारे में संस्था की संचालिका मंजू जांगड़े एवं बबिता राठौर ने विस्तार से बताया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों के द्वारा पौधरोपण किया गया। जल संरक्षण एवं नियमित योग अभ्यास का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मंजू जांगड़े, बबिता राठौर, सरला अग्रवाल, रोशनी भारद्वाज, रिषिका राठौर, पूजा वैभव, श्वेता डहरिया, कुसुमलता जांगड़े, हेमा शर्मा, रश्मि शर्मा, रेणुका गोस्वामी, मिष्ठा दत्ता, प्रीति साव, मंजू पाल, ज्योति दास, सुभ्रा, दुर्गा यादव, पूजा राठौर, अक्षया सिंह, रेखा अग्रवाल उपस्थित थीं।

## कंपनी गार्डन में महिलाओं ने मनाया उत्सव, प्रियंका को मिला पहला स्थान

**बिलासपुर।** कंपनी गार्डन में महिलाओं ने सावन महोत्सव मनाया। इसका संचालन वर्षा गुप्ता व सीता अग्रवाल ने किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई गई। इसमें पहला स्थान प्रियंका श्रीवास्तव ने हासिल किया। वहीं सीता जलान द्वितीय और रेखा दुबे तृतीय रहीं। योगिता सोनी को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर सुनेना सिंह, पल्लवी सिंह, माधुरी पाठक, भावना रावत, शबिहा शेख सहित अन्य मौजूद रहे।



## छात्राओं ने पुलिस जवानों की कलाई पर बांधी राखी

**बिर्रा।** नगर में संचालित देव पब्लिक स्कूल बसंतपुर के छात्रों ने पुलिस थाना बिर्रा में पदस्थ पदाधिकारियों व पुलिस बल के जवानों को माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाई। इसके साथ ही उनके स्वास्थ्य व लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर बिर्रा थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह ने कहा कि भाई-बहन के इस पवित्र एवं पावन पर्व के अवसर पर हम लोग अपने घर जाकर बहनों से राखी नहीं बंधवा पाते है। देव पब्लिक स्कूल बिर्रा की छात्राओं ने हमारी इस कमी को महसूस होने नहीं दिया। आगे कहा कि पुलिस टीम क्षेत्र में माताओं व बहनों की सुरक्षा व हर समस्या के निदान के लिए सदैव तत्पर रहेगी।



## कमलेश्वर छग अपाक्स के जिला संरक्षक नियुक्त हुए

**अकलतरा।** कमलेश्वर दास वैष्णव को छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन का जिला संरक्षक नियुक्त किया है। अपाक्स के जिला अध्यक्ष रामशरण सिंगसर्वा ने बताया कि कमलेश्वर ने छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी संघ एवं शिक्षा विभाग में कई वर्षों तक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। उनको जिला संरक्षक नियुक्त करने से संगठन को अनुभवों का लाभ मिलेगा।

## शराब को ठिकाने लगाने से पहले पकड़ाया युवक

**बाराद्वार।** पुलिस ने रायपुरा भाठापारा से एक आरोपी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 17 अगस्त को सूचना के आधार पर भाठापारा के छितापड़रिया मोड़ के पास अक्तीराम कुर्रे को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वह कच्ची महुआ शराब रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने उसके कब्जे से 4 पीले रंग के 5-5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में 5- 5 लीटर भरी हुई करीब 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की।

## लिनेस क्लब की महिलाओं ने फौजी भाईयों को राखी बांधी

**रायगढ़।** ऑल इंडिया लिनेस क्लब के सदस्यों ने रक्षाबंधन का त्योहार उर्दना के फौजी आवास में मनाया। एएसपी सुरेशा चौबे क्लब प्रगति की सदस्य व एरिया ऑफिसर लिनेस अर्चना मिश्रा के आग्रह पर फौजियों को इकट्ठा कराया। प्रगति क्लब के सदस्यों ने माथे पर तिलक व अक्षत लगाया और राखी बांधकर उनका मुंह मीठा करवाया। क्लब के सदस्यों ने कहा, देशभक्तों व वीरों के कारण ही हम लोग अपने घरों व देश में सुरक्षित हैं। हमारी रक्षा करने के लिए जी-जान से फौजी सदैव तत्पर व सक्रिय रहते हैं। इस कार्य में ऑल इंडिया लिनेस क्लब प्रगति की सदस्य व एरिया ऑफिसर लिनेस अर्चना मिश्रा, एरिया सचिव अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# झूलेलाल चालिहो महोत्सव मना रहा सिंधी पंचायत

**अकलतरा।** पूज्य सिंधी पंचायत और झूलेलाल सेवा समिति के तत्वावधान में सिंधी धर्मशाला में 20 जुलाई से आयोजित झूलेलाल चालिहो महोत्सव के दौरान सिंधी समाज के युवक मुकेश नागदेव 30 दिनों से लगातार व्रत रखते रख रहे हैं। वे 24 घंटे में एक बार ही भोजन करने के साथ-साथ नियम के अनुसार भोजन में प्याज, लहसुन, तला हुआ खाना, सफेद चीज जैसे दूध, दही, चावल आदि का सेवन नहीं कर रहे हैं।

मुकेश 40 दिनों तक शेविंग, बाल, नाखून नहीं काटने के साथ फर्श पर सोना, ब्रह्मचर्य का पालन करना, चप्पल, चमड़े के बेल्ट व अन्य सामान का त्याग करते हुए विगत नंगे पांव ही आना-जाना कर रहे हैं। वे आयोजन स्थल सिंधी धर्मशाला में रात में ही रहकर नियमित रूप से अखंड ज्योत की देखरेख कर रहे हैं। साथ ही सुबह पांच बजे और रात में नगर के रामसागर तालाब में जाकर भगवान झूलेलाल की वरुण देवता के रूप में आराधना करते हैं। तालाब में अखंड ज्योत जलाने के साथ दिन भर उपवास रहने के बाद रात्रि 10 बजे पूजाकर भोजन ग्रहण किया। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष केके चंदवानी और उपाध्यक्ष नरेश हरगुनानी ने बताया कि नगर में विगत नौ वर्षों से झूलेलाल चालिहो महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तब से मुकेश 40 दिनों तक व्रत रखने के साथ एक समय भोजन ग्रहण करते रहे हैं।

दिनभर अपना व्यवसाय करने के बाद अखंड ज्योत की रात भर देखरेख करते हैं। चालिहो महोत्सव में 40 दिनों तक दाढ़ी के साथ साथ बाल कटवाना भी वर्जित है। इसका नियम से पालन भी मुकेश कर रहे हैं। वहीं, मुकेश ने बताया कि विगत नौ वर्षों से लगातार झूलेलाल चालिहो महोत्सव पर भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना के साथ एक टाइम भोजन ग्रहण कर रहे हैं। दिनभर उपवास के बाद रात 10 बजे भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना व आरती के बाद भोजन ग्रहण करते हैं। मुकेश ने बताया कि उपवास में रहने के बावजूद शरीर में ऊर्जा बनी रहती है।

अखंड ज्योत के विसर्जन के साथ महोत्सव समापन होगा नगर में सिंधी धर्मशाला में 20 जुलाई से आयोजित झूलेलाल चालिहो महोत्सव का समापन 28 अगस्त को होगा। नगर में सिंधी समाज द्वारा शोभायात्रा निकालने के साथ-साथ अखंड ज्योत का विसर्जन करेंगे। अखंड ज्योत के विसर्जन के साथ 40 दिवसीय महोत्सव का समापन होगा।



## खराब सड़कें बनी राहगीरों के लिए मुसीबत

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर-चांपा में बारिश में खराब सड़कें लोगों के लिए मुसीबतें साबित हो रही है। बारिश पूर्व अगर मेंटनेंस में ध्यान दिया गया होता तो हालात ऐसे नहीं होते। अब तो हालात यह है कि जिला मुख्यालय में प्रवेश के रास्तों में ही जानलेवा सड़कों का सफर शुरू हो जाता है।

बारिश के दौरान यहां से सफर जानलेवा साबित हो रहा है। सड़क की हालात देखकर यहां से गुजरते समय ही लोगों को ऐसा लगता है कि जैसे किसी गांव-देहात में एंट्री करने जा रहे हैं। कई बार लोग यहां मरते-मरते बच रहे हैं। आए दिन यहां हादसे हो रहे हैं। लोग किसी फिसलकर बाइक से गिर रहे हैं तो कभी फोर व्हीकल गाड़ियां फंस रही है।

स्थिति तब खराब हो जाती है जब कोई विशालकाय वाहन यहां गड्ढों में फंस जाता है तब जाम के बीच लोगों को जान हथेली पर लेकर चलना पड़ता है। वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के नाम पर बीच-बीच में मुरूम-जीरा गिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है।

## डॉक्टरों की हड़ताल पर जाने के कारण उपचार के लिए भटकते रहें मरीज

**चांपा।** कोलकोता में जूनियर डॉक्टर से रेप और हत्या को लेकर पूरे देश में आक्रोश नजर आ रहा है। चिकित्सा जगत में भी इसको लेकर भारी गुस्सा है और विभिन्न तरीकों से विरोध प्रदर्शन जारी है। शनिवार को जिले में भी डॉक्टरों ने सामूहिक अवकाश लेकर विरोध जताया। डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने से अस्पतालों की ओपीडी में ताला लटक रहा। हड़ताल का सरकारी अस्पतालों में ज्यादा असर देखने को मिला।

जिला अस्पताल जांजगीर में तो मरीजों के लगातार पहुंचने के कारण ओपीडी काउंटर में नोटिस चस्पा करना पड़ गया कि आज डॉक्टर हड़ताल में है। बता दें, सुबह के समय जब यहां ओपीडी काउंटर खुला तो हड़ताल की जानकारी नहीं होने वाले मरीज हर दिन की तरह ही पहुंचने लगे थे। मरीजों को ओपीडी पर्ची बनाकर दी गई। इसके बाद मरीज ओपीडी में जाकर डॉक्टरों को ढूंढते रहे। मरीज ओपीडी पर्ची लेकर भटकते रहे।

**सिर्फ 4 डॉक्टर ने संभाला मरीजों को**

ऐसे हालात बनने के बाद जाकर अस्पताल प्रबंधन की नींद खुली और ओपीडी पर्ची बनाना बंद कराया गया और काउंटर को क्लोज कराया गया। ताकि मरीजों को जानकारी हो और भटके न। अकेले जिला अस्पताल में 37 में से 34 डॉक्टर हड़ताल में रहे। 4 डॉक्टर ही डे और नाईट शिफ्ट में सेवाएं दी।

आईएमए के जिला सचिव डॉ. मनोज राठौर ने बताया कि जिले में 58 निजी डॉक्टरों के अलावा शासकीय अस्पतालों के करीब 250 से ज्यादा डॉक्टर शामिल हुए। संघ का विरोध प्रदर्शन रहा। शासकीय व निजी अस्पतालों में केवल इमरजेंसी सेवाएं ही चालू रही गई थी ताकि गंभीर मरीजों को परेशानी न हो। चांपा में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

एक ओर जहां सरकारी अस्पतालों में ओपीडी में ताला ही लटक गया। वहीं दूसरी ओर कई प्राइवेट अस्पतालों में न केवल ओपीडी चालू रही बल्कि इलाज भी होता रहा। शहर में ही कई निजी अस्पतालों में मरीज पहुंचते रहे। इससे निजी अस्पतालों में आम दिनों से ज्यादा भीड़ लगी रही। अस्पतालों की चांदी रही तो मरीज लूटने मजबूर हुए।

**इस तरह परेशान हुए मरीज, ऑपरेशन भी नहीं हुए**

जांजगीर भाटापारा की लक्ष्मी यादव अपने बेटे के गले में सूजन की समस्या को लेकर जिला अस्पताल आई थी। यहां आने के बाद उन्हें पता चला कि सारे डॉक्टर हड़ताल में है। जहां से फिर प्राइवेट अस्पताल जाने की बात कहकर लौट गई। इसी तरह पैर में चोट लगने पर एक्सरे कराने पहुंचे करन सिंह ओपीडी में सामने स्ट्रेचर में बैठे नजर आए। एक्स-रे तो हो गया लेकिन रिपोर्ट दिखाने के लिए डॉक्टर का इंतजार करते रहे। इधर डॉक्टरों के हड़ताल के चलते ऑपरेशन भी बंद रहे।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/ /तह./वा./जन्म-मृत्यु/2024 जांजगीर, दिनांक 13/8 /2024

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24
ग्राम-कुदरी

**मृत्यु प्रमाण पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम कुदरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक शारदा सोनझरी पिता हिरासाय सोनझरी साकिन ग्राम-कुदरी, तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. ..... ग्राम कुदरी में अपने/अपनी पिता हिरासाय सोनझरी के मृत्यु दिनांक 1/5/2001 को होने से जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 29/08/2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक के आवेदन पर मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 13/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जांजगीर

## पेट्रोल पंप के निकट फांसी पर लटका मिला युवा

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश फांसी पर लटकती हुई मिली है। राहगीरों ने शव को फंदे पर लटकते देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम करते हुए शव पीएम के लिए अस्पताल रवाना कर मामला जांच में लिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पामगढ़-शिवरीनारायण मुख्य मार्ग में स्थित मधुकर पेट्रोल पंप के नजदीक कुछ दूर में एक अज्ञात व्यक्ति अनुमानित उम्र करीब 40 वर्ष के आसपास का शव फंदे पर लटका हुआ मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीक हो रहा है, फिर भी पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट में मौत की असली वजह सामने आने के बाद ही यह गुत्थी सुलझ पाएगी।

## हाईस्कूल बरेला की छात्राओं को साइकिल बांटी

**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला के शासकीय हाईस्कूल में पात्र हितग्राही छात्राओं को विधायक पुन्नूलाल मोहले ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल बांटी। साथ ही स्कूल परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण किया गया। विधायक ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नरेश पटेल, वेदप्रकाश कश्यप, ललिता पटेल, संजय कुमार निर्मलकर उपाध्यक्ष, नरेश कुमार पटेल, राकेश कुमार बैंस ने अपने विचार रखे और बच्चों को प्रतिदिन पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन को सफल बनाने में श्रीकांत पांडेय, जितेन्द्र कुमार द्विवेदी, पुरूषोत्तम यादव, बलीराम साहू, बंटी सेमरिया, बबलू साहू, अश्वनी कुमार कश्यप, हीरा पटेल, राजाराम पटेल, पिंकी शर्मा, आभारानी मिश्रा, श्वेता ठाकुर, रश्मिता दुबे, शबाना खानम, दिलीप कुमार पटेल, गौरव पांडेय, अजय कुमार ध्रुव ने सहयोग किया।

# अघोर विद्यापीठ में हुआ जीवन कौशल पर सेमीनार

**अकलतरा।** अघोर विद्यापीठ पोड़ीदलहा में जीवन कौशल और जीने का सबसे अच्छा तरीका विषय पर एक दिवसीय सेमिनार हुआ। इसमें संस्था के व्यवस्थापक गोपाल राम व प्राचार्या अंजली दुबे मौजूद रहीं। कार्यक्रम में सीबीएसई प्रशिक्षक के रूप में नीलम सिंह व मनीषा फ्रांसिस के द्वारा जांजगीर-चाम्पा जिले के सीबीएसई शिक्षक-शिक्षिकाओं को जीवन कौशल विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

नीलम सिंह द्वारा प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए जीवन कौशल के नियमों और सिद्धांतों को बताया गया। उन्होंने जीवन कौशल की पद्धतियों को सीखने के परिणाम के संबंध में जानकारी दी। भविष्य में प्रशिक्षण में सिखाने के समय आने वाली कठिनाइयों व उसका हल बताया। कहा कि शिक्षण का उद्देश्य परिणाम में निहित होता है। मनीषा फ्रांसिस द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल की परिणाम व जीवन कौशल की उपयोगिता को समझाया। इन गतिविधियों में आए हुए प्रशिक्षुक शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण कराया गया। कार्यक्रम को चार सत्रों में विभाजित कर प्रथम सत्र में जीवन कौशल पर परिपेक्ष निर्माण विषय पर परिचय गतिविधि शिक्षकों से बातचीत, द्वितीय सत्र में जीवन कौशल का संचालन करना, तृतीय सत्र में गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल से परिचित होना व चतुर्थ सत्र में जीवन कौशल का आकलन आयोजित हुआ।



## अनमोल वचन......

**सच्चाई का रास्ता जितना कठिन है, ये रास्ता उतना ही सरल भी होता है।**

## रक्षाबंधन पर प्रियंका ने शेयर की बचपन की तस्वीर, राहुल गांधी के लिए लिखा प्यारभरा संदेश



*कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रक्षाबंधन के मौके पर अपने भाई और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश के साथ, उन्होंने तस्वीरों का एक कोलाज पोस्ट किया, जिसमें उनके बचपन की तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें से एक उनके पिता और पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी के साथ है। कोलाज में राहुल और प्रियंका की एक साथ एक छोटी खिलौना कार में खेलने की तस्वीर भी शामिल है।अपनी पोस्ट में, प्रियंका ने भाई-बहन के रिश्ते की तुलना एक रंग-बिरंगे फूलों की क्यारी से की, जहां प्यारी यादें, साझा अनुभव और एक बढ़ती हुई दोस्ती फलती है, जो परस्पर सम्मान, प्यार और समझ पर आधारित है। प्रियंका ने लिखा कि भाई-बहन का रिश्ता उस फुलवारी की तरह होता है जिसमें सम्मान, प्रेम और आपसी समझदारी की बुनियाद पर अलग-अलग रंगों वाली यादें, संग के किस्से-कहानियां व दोस्ती को और गहरा करने का संकल्प फलता-फूलता है। भाई-बहन संघर्ष के साथी होते हैं, स्मृतियों के हमराही भी और संगवारी के खेवैया भी। आप सभी को राखी की हार्दिक शुभकामनाएं।इस बीच राहुल गांधी ने भी राखी के त्योहार पर देशवासियों को भी शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने भाई-बहन के बीच के अटूट प्यार और स्नेह के बंधन पर जोर दिया। उन्होंने इस मौके पर अपने और प्रियंका की एक तस्वीर साझा की। राहुल ने अपने संदेश में लिखा भाई-बहन के अटूट प्रेम एवं स्नेह के पर्व, रक्षाबंधन की सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। रक्षा का यह सूत्र आपके इस पावन रिश्ते को सदैव मजबूती के साथ जोड़े रहे।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनातमक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यो से राहत मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हँसी-मज़ाक में बितेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। आपके काम पर अंतिम परिणाम निर्भर करेगा। परिवार में चल रही समस्या को तुरंत सुलझाने की कोशिश करेंगे। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारिया दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगें।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।पारीवारिक मामले में आज आपका निर्णय कारगर साबित होगा। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है।

**कर्क राशिः** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। नवविवाहितों को आज घूमने जाने का मौका मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलताएं छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी, इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यो को करते समय फोकस बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखुबी निभायेंगें।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओ को बढ़िया नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा 7 आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। आज आप उन लोगों से दूरि बनाएंगे, जो आपके सीधेपन का लाभ उठाते हैं। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज आपको काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे आपके मन में प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज क्रोध को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको नए अवसर मिलेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज अपनी इच्छा शक्ति के बल पर योजनाओं पर काम कर पाएंगे। अहंकार से बचना होगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीदारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहाँ आपके अन्य दोस्त भी होंगे।

# भारत की आजादी को किससे खतरा

//बलबीर पुंज//

**स्वतंत्रता के बाद भारत का एक राजनीतिक वर्ग दशकों से 'सेकुलरवाद' के नाम पर उसी इस्लामी कट्टरता को प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से बढ़ावा दे रहा है, जो पहले भी देश का इस्लाम के नाम पर विभाजन कर चुका है। यह राजनीतिक कुनबा वोटबैंक की राजनीति हेतु गाजा-फिलीस्तीन के मुस्लिमों के सहानुभूति तो रखता है, परंतु बांग्लादेशी हिंदुओं के दमन को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बताकर चुप रहता है। ऐसे दोहरे मापदंड रखने वालों को पहचानने की आवश्यकता है.. इन्ही से सर्वाधिक खतरा है।**

इसी सप्ताह भारत ने स्वतंत्रता दिवस मनाया। निसंदेह, यह अवसर जश्न मनाने के साथ आत्मचिंतन करने का भी है। वर्ष 1947 में जब हम ब्रितानी दासता की मुक्त हुए, तब इसके कुछ घंटे पहले हमारा मुल्क इस्लाम के नाम पर खंडित हो चुका था। पाकिस्तान के पैरोकार उन कासिम, गोरी, गजनवी, बाबर, औरंगजेब, अब्दाली, टीपू सुल्तान आदि आक्रांताओं में अपना नायक खोजते है, जिन्होंने इस भूखंड की सनातन संस्कृति और उससे प्रेरित सिख गुरु परंपरा को कुचलने का प्रयास किया था। जो एक चौथाई हिस्सा तब हमसे अलग हुआ था, वह 1971 में फिर दो और हिस्सों में बंट गया।

वही विक्षेपित भारतीय भूखंड– पाकिस्तान और बांग्लादेश नाम से जाने जाते है, जिसपर इस्लाम का कब्जा है। वहां सनतान भारत की कालजयी बहुलतावादी, लोकतांत्रिक और पंथनिरपेक्षी जीवनमूल्यों का दम घुट चुका है। इसका प्रमाण बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम में दिख जाता है, जो अपने भीतर खंडित भारत के लिए गंभीर सबक लिए हुए है।

जैसे ही 5 अगस्त को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर शेख हसीना अपना देश छोड़ने और भारत में शरण लेने को मजबूर हुई, वैसे ही इस इस्लामी देश में महीनों से 'सत्ता-विरोधी' और 'छात्र क्रांति' के नाम पर चल रहा आंदोलन, अपने असली चरित्र अर्थात् घोर इस्लामी प्रदत्त अल्पसंख्यक– हिंदू-बौद्ध, ईसाई और उदारवादी मुसलमान विरोधी जिहाद में परिवर्तित हो गया। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, देश के 64 में से 52 जिलों में हिंदुओं लक्षित करते हुए 205 से अधिक हमले हो चुके है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनके घर-दुकानों के साथ मंदिरों को फूंका जा रहा है, उनकी बहू-बेटियों की अस्मत से खिलवाड़ किया जा रहा है और उनकी संपत्ति तक लूटी जा रही है।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर प्रवेश के लिए पीड़ित हिंदुओं का तांता लगा हुआ है। इससे संबंधित कई वीडियों और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल भी है। एक बंगाली मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश में कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी और हिफाजत-ए-इस्लाम पूरे बांग्लादेश के साथ भारत से सटे क्षेत्रों के साथ नेपाल, म्यांमार के कुछ एक इलाकों को मिलाकर 'गजवा-ए-हिंद' अवधारणा के तहत उसपर इस्लामी परचम लहराना चाहते है।

क्या शेख हसीना को उनकी तथाकथित 'तानाशाही' और 'अलोकतांत्रिक' होने के कारण हटना पड़ा? इस प्रश्न का उत्तर खोजने से पहले बांग्लादेश की आर्थिकी का हाल जान लेते है। शेख हसीना के पिछले 15 साल से अधिक के शासन में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बदल गई है। यहां तक कुछ मामलों में उसने भारत को भी पीछे छोड़ दिया है। बांग्लादेश ने विश्व स्तरीय रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) उद्योग खड़ा किया है, जो भारत से अधिक निर्यात कर रहा है। बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति जीडीपी आय 2600 डॉलर है, जोकि लगभग भारत के बराबर है। कई सामाजिक संकेतकों में बांग्लादेश की स्थिति अच्छी है। फिर भी बांग्लादेश में शेख हसीना के प्रति गहरी घृणा का कारण क्या है, जिसके चलते उन्हें अपनी जान बचाने हेतु देश छोड़कर भागना पड़ा।

सुधी पाठकों को याद होगा कि शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के जनक 'बंगबंधु' शेख मुजीबुर रहमान की 15 अगस्त 1975 को उनके परिवार के कई सदस्यों के साथ उनके घर में मौत के घाट उतार दिया गया था। जिन कारणों से उनकी हत्या की गई थी, उन्हीं कारकों ने शेख हसीना को बांग्लादेश से भागने पर विवश किया है। अपने पिता की भांति हसीना भारत के साथ अच्छे संबंध रखने के पक्षधर रही हैं, जिसे जिहादी सहित इस्लामी कट्टरपंथी 'काफिर' मानते है। वर्ष 1971 के 'बांग्लादेश मुक्ति युद्ध' के दौरान पाकिस्तानी सेना और जिहादी रजाकारों ने स्थानीय हिंदू-बौद्ध समुदाय का नरसंहार करते हुए उनकी लाखों महिलाओं के साथ बलात्कार किया था। वैसा मजहबी नरसंहार बांग्लादेश में दोबारा न दोहराया जाए, उसके लिए शेख मुजीबुर रहमान ने हिंदू-बौद्ध अनुयायियों को 'काफिर' मानने से इनकार कर दिया। पिता की तरह शेख हसीना भी अपने कार्यकाल में ऐसा ही करने की कोशिश कर रही थी, जो जिहादियों को मुजीबुर के समय भी नागवार गुजरा था और उन्हें ऐसा आज भी मंजूर नहीं है।

सच तो यह है कि अविभाजित भारत में जिन शक्तियों– ब्रितानियों, वामपंथियों और जिहादियों के गैर-मुकद्दस गठजोड़ ने पाकिस्तान का खाका खींचा, उसने ही शेख मुजीबुर रहमान को रास्ते से हमेशा के लिए हटा दिया और उनकी बेटी शेख हसीना को देश निकाला कर दिया। इसमें फर्क केवल इतना है कि औपनिवेशी के रूप में ब्रितानियों का स्थान अमेरिका ने ले लिया है। शेख हसीना का आरोप है कि अमेरिका रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेंट मार्टिन द्वीप पर कब्जा चाह रहा है, ताकि वह हिंद महासागर में वह अपना प्रभुत्व स्थापित कर सके। इससे पहले उन्होंने, बतौर बांग्लादेशी प्रधानमंत्री, दावा किया था कि बांग्लादेश और म्यांमार के कुछ हिस्सों को काटकर पूर्वी तिमोर जैसा एक ईसाई देश बनाने की साजिश चल रही है।

यह ठीक है कि अपने 20 वर्षों के शासनकाल में शेख हसीना हिंदू सहित अन्य बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध रहीं, परंतु वह दो नांवों में एक साथ सवार होने की कोशिश कर रही थी। वह इस्लामी बांग्लादेश में उदार व्यवस्था तो बना रही थी, साथ ही 'हिफाजत-ए-इस्लाम' जैसे कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन को अधिक से अधिक मदरसे बनाने के लिए ज़मीन और अनुदान भी दे रही थी। उन्होंने 'मदीना सनद' के मुताबिक शासन चलाने और मदरसों से मिलने वाली डिग्रियों को सामान्य विश्वविद्यालयों की डिग्रियों के बराबर का दर्जा देने का ऐलान तक कर दिया था। कड़वा सच तो यह है कि गद्दी पर बने रहने के लिए शेख हसीना ने जिस इस्लामी कट्टरपंथ को संरक्षण दिया, उसने ही उन्हें अपदस्थ कर दिया।

स्वतंत्रता के बाद भारत का एक राजनीतिक वर्ग दशकों से 'सेकुलरवाद' के नाम पर उसी इस्लामी कट्टरता को प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से बढ़ावा दे रहा है, जो पहले भी देश का इस्लाम के नाम पर विभाजन कर चुका है। यह राजनीतिक कुनबा वोटबैंक की राजनीति हेतु गाजा-फिलीस्तीन के मुस्लिमों के सहानुभूति तो रखता है, परंतु बांग्लादेशी हिंदुओं के दमन को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बताकर चुप रहता है। ऐसे दोहरे मापदंड रखने वालों को पहचानने की आवश्यकता है, जिनसे भारत की स्वतंत्रता, संप्रभुता, सुरक्षा और उसके सांस्कृतिक अस्तित्व को सर्वाधिक खतरा है।

# सहयोगियों को एजेंडे से दिक्कत नहीं

//अजीत द्विवेदी//


**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से अपने 11वें संबोधन में वैसे तो 98 मिनट का भाषण दिया लेकिन बुनियादी रूप से दो उन्होंने दो नीतिगत मुद्दे उठाए। बाकी राजनीतिक भाषण था। नीतिगत मसलों में पहला समान नागरिक संहिता का था और दूसरा एक देश, एक चुनाव का था। इन दोनों नीतिगत मसलों पर भाजपा की सहयोगी पार्टियों को कोई समस्या नहीं है। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की बात प्रधानमंत्री मोदी 2014 से कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 साल में चुनाव आयोग ने सारे चुनाव एक साथ कराने की कोई पहल नहीं की है।**

सरकार ने पिछले साल जरूर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति बनाई, जिसने सारे चुनाव एक साथ कराने पर विचार किया। समिति ने सभी राजनीतिक दलों, चुनाव आयोग और विधि आयोग से बात करके अपनी रिपोर्ट तैयार की और सरकार को सौंप दी है। जहां तक समान नागरिक संहिता की बात है तो वह भारतीय जनता पार्टी के तीन कोर एजेंडे में से एक है। भारतीय जनसंघ के समय से यह एजेंडा चला आ रहा है। नरेंद्र मोदी की पिछली सरकार ने 2019 के बाद से दो एजेंडे पूरे कर दिए हैं। पहला एजेंडा अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण का था, जिसका रास्ता सुप्रीम कोर्ट के आदेश से साफ हो गया था। वह मंदिर बन गया और इस साल 22 जनवरी को उसका उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उससे पहले 2019 में सत्ता में आने के साथ ही सरकार ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का फैसला किया था। सो, ये दो मुद्दे निपट चुके हैं और तीसरा मुद्दा समान नागरिक संहिता का है, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री ने लाल किले से किया। उन्होंने कहा कि अब तक देश में सांप्रदायिक नागरिक संहिता थी और अब देश को सेकुलर नागरिक संहिता की जरुरत है। प्रधानमंत्री के इस भाषण के बाद से यह सवाल पूछा जा रहा है कि जिन दो बड़ी पार्टियों के समर्थन से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है उनका इस पर क्या रुख होगा। जानकार सूत्रों का कहना है कि दोनों पार्टियों का रुख सरकार के साथ सहमति का होगा। बिहार में सरकार चला रही जनता दल यू ने पहले ही विधि आयोग के सामने अपना रुख स्पष्ट किया हुआ है। जदयू ने कहा है कि वह समान नागरिक संहिता के समर्थन में है। उसने सिर्फ यह शर्त रखी है कि इसे सहमति से पास कराया जाए। सहमति का मतलब विपक्षी पार्टियों के साथ या संबंधित पक्षों के साथ नहीं, बल्कि सहयोगी पार्टियों के बीच सहमति से है। टीडीपी को भी समान नागरिक संहिता से कोई समस्या नहीं है। उसे भी सहमति बनवानी है और उस सहमति के बदले राज्य के लिए कुछ अतिरिक्त मदद चाहिए होगी। नीतिगत रूप से उसका इस कानून से कोई विरोध नहीं है। इसलिए यह लगभग तय है कि यह कानून पास होगा। अगर किसी वजह से कानून पास नहीं होता है और इस मसले पर सरकार गिरती है तो ज्यादा जोड़ तोड़ करने की बजाय मोदी मध्यावधि चुनाव के लिए जा सकते हैं, जिसमें भाजपा को उसका फायदा हो सकता है।


# तानाशाह नहीं हैं प्रधानमंत्री मोदी! आलोचकों की परवाह न कर अपनी राह चलते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में कुछ तो खास है कि वे अपने विरोधियों के निशाने पर ही रहते हैं। इसका खास कारण है कि वे अपनी विचारधारा को लेकर स्पष्ट हैं और लीपापोती, समझौते की राजनीति उन्हें नहीं आती। राष्ट्रहित में वे किसी के साथ भी चल सकते हैं, समन्वय बना सकते हैं, किंतु विचारधारा से समझौता उन्हें स्वीकार नहीं है। उनकी वैचारिकी भारतबोध, हिंदुत्व के समावेशी विचारों और भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की अवधारणा से प्रेरित है। यह गजब है कि पार्टी के भीतर अपने आलोचकों पर भी उन्होंने कभी अनुशासन की गाज नहीं गिरने दी,यह अलग बात है कि उनके आलोचक राजनेता ऊबकर पार्टी छोड़ चले जाएं। उन्हें विरोधियों को नजरंदाज करने और आलोचनाओं पर ध्यान न देने में महारत हासिल है। इसके उलट पार्टी से नाराज होकर गए अनेक लोगों को दल में वापस लाकर उन्हें सम्मान देने के अनेक उदाहरणों से मोदी चकित भी करते हैं।किसी व्यक्ति की लोकतांत्रिकता उसकी अपने दल के साथियों से किए जा रहे व्यवहार से आंकी जाती है। मोदी यहां चौंकाते हुए नजर आते हैं। वे दल के सर्वोच्च नेता हैं किंतु उनका व्यवहार 'आलाकमान' सरीखा नहीं है। आप उन्हें तानाशाह भले कहें, किंतु तटस्थ विश्लेषण से पता चलता है कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद आजतक उनकी आलोचना करने वाले अपने किसी साथी के विरूद्ध उन्होंने कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होने दी। कल्पना करें कि किसी अन्य दल में अपने आलाकमान या सर्वोच्च नेता की आलोचना करने वाला व्यक्ति कितनी देर तक अपनी पार्टी में रह सकता है। नरेंद्र मोदी यहां भी रिकार्ड बनाते हैं। जबकि भाजपा में अनुशासन को लेकर कड़ी कारवाईयां होती रही हैं। भाजपा और जनसंघ के दिग्गज नेताओं में शामिल रहे बलराज मधोक से लेकर कल्याण सिंह, उमा भारती, बाबूलाल मरांडी, बीएस येदुरप्पा जैसे दिग्गजों पर कार्रवाइयां हुई हैं, तो गोविंदाचार्य पर भी एक कथित बयान को लेकर गाज गिरी। उन्हें अध्ययन अवकाश पर भेजा गया, जहां से आजतक उनकी वापसी नहीं हो सकी है। मोदी का ट्रैक अलग है। वे आलोचनाओं से घबराते नहीं और पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की छूट देते हुए अपने आलोचकों को भरपूर अवसर देते हैं।यह कहा जा सकता है कि मोदी आलोचनाओं के केंद्र में रहे हैं, इसलिए इसकी बहुत परवाह नहीं करते हैं। वे कहते भी रहे हैं कि उनके निंदक जो पत्थर उनकी ओर फेंकते हैं, उससे वे अपने लिए सीढ़ियां तैयार कर लेते हैं। 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद पार्टी के भीतर भी उनके आलोचकों और निंदकों की पूरी फौज सामने आती है, जो तमाम मुद्दों पर उन्हें घेरती रही है। आश्चर्यजनक रूप से मोदी उनके विरूद्ध पार्टी के अनुशासन तोड़ने जैसी कार्यवाही भी नहीं होने देते हैं। इसमें पहला नाम गाँधी परिवार से आने वाले वरूण गांधी का है, जिन्हें भाजपा ने सत्ता में आने के बाद संगठन में महासचिव का पद दिया। वे सांसद भी चुने गए। किंतु पार्टी संगठन में उनकी निष्क्रियता से महासचिव का पद चला गया और वे मोदी के मुखर आलोचक हो गए। अपने बयानों और लेखों से मोदी को घेरते रहे। बावजूद इसके न सिर्फ उनको 2019 में भी लोकसभा का टिकट मिला, बल्कि आज भी वे पार्टी के सदस्य हैं। खुलेआम आलोचनाओं और अखबारों में लेखन के बाद भी उन्हें आज तक एक नोटिस तक पार्टी ने नहीं दिया है। हां, इस बार वे टिकट से जरूर वंचित हो गए। उनकी जगह कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को पीलीभीत से लोकसभा का टिकट मिल गया। जतिन जीत भी गए। दूसरा उदाहरण फिल्म अभिनेता और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे शत्रुघ्न सिन्हा का है। सिन्हा मोदी के मुखर आलोचक रहे और समय-समय पर सरकार पर टिप्पणी करते रहे। अंततः वे भाजपा छोड़कर पहले कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में चले गए। अब वे आसनसोल से तृणमूल के सांसद हैं। यही कहानी पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत सिन्हा की है। उन्होंने भी मोदी विरोधी सुर अलापे और अंततः पार्टी छोड़कर चले गए। उनके पार्टी छोड़ने के बाद भी उनके बेटे जयंत सिन्हा को 2019 में भाजपा ने लोकसभा की टिकट दी। जयंत सिन्हा मोदी सरकार में मंत्री भी रहे। इस बार जयंत का टिकट कट गया। ऐसे ही उदाहरणों में क्रिकेटर कीर्ति आजाद भी हैं। मोदी सरकार के विरूद्ध उनके बयान चर्चा में रहे, संप्रति वे तृणमूल कांग्रेस के साथ हैं। लेखक और दिग्गज पत्रकार अरूण शौरी, अटल जी की सरकार में मंत्री रहे। उनका बौद्धिक कद बहुत बड़ा है।

## तस्वीरों की दुनिया




ब्रह्मास्त्र को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर नमित मल्होत्रा ने कहा - यह एक बड़ी छलांग।



पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत का नई दिल्ली में पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक हासिल करने के बाद आईजीआई हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल में बोट क्लब, बड़े तालाब में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।




कोलकाता में एक युवा चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की निंदा करते हुए रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) अस्पताल में डॉक्टरों ने नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख एल. मंडाविया और भाजपा सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत नई दिल्ली के भारत मंडपम में हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर।



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में हर घर तिरंगा बाइक रैली के दौरान बाइक चलाई।

# जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल नौवें दिन भी जारी, कहा- जब तक हमारी बहन को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक नहीं हटेंगे



**कोलकाता, 19 अगस्त [एजेंसी]।**

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म व हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे बंगाल के सरकारी अस्पतालों के जूनियर डाक्टरों की हड़ताल रविवार को भी जारी रही, जिससे राज्य में लगातार नौवें दिन स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। सरकारी अस्पतालों में रविवार को बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) बंद रहने के कारण मरीजों की भीड़ कम रही, लेकिन वरिष्ठ चिकित्सकों ने आपातकालीन विभाग में सेवाएं जारी रखीं। एक प्रदर्शनकारी चिकित्सक ने कहा कि हम स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित करने के पक्ष में नहीं हैं। हम मरीजों की परेशानियों को समझ सकते हैं, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के संदर्भ में हमारा विरोध बहुत प्रासंगिक है।चिकित्सक ने कहा, क्या हम काम पर आते समय यही अपेक्षा करते हैं। जब तक हमारी बहन को न्याय नहीं मिल जाता और सरकार हमारी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं कर देती, हम अपना विरोध जारी रखेंगे। पारास्नातक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक का शव नौ अगस्त को अस्पताल के सेमिनार कक्षा के अंदर पाया गया था। इस मामले में अगले दिन एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया था।जूनियर डाक्टर मांग कर रहे हैं कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए और पीड़िता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 13 अगस्त को मामले की जांच कोलकाता पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। इस बीच, घटना के खिलाफ देशभर में हो रहे आंदोलन के बीच बंगाल सरकार ने एक दिन पहले कार्यस्थलों, विशेष रूप से सरकारी अस्पतालों में महिला डाक्टरों व कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलापन बंद्योपाध्याय ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में रात्रि पाली में महिलाओं की सुरक्षा के लिए रात्रि साथी योजना शुरू की जाएगी, जिसके तहत महिला सुरक्षाकर्मी की भी तैनाती की जाएगी।

### आरजी कर हॉस्पिटल का विवादों से पुराना नाता... देह व्यापार से लेकर सुसाइड और मौत का चलता रहा खेल

**कोलकाता।** जूनियर महिला डाक्टर से दरिंदगी की घटना को लेकर कोलकाता का आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल इस समय देशभर में चर्चा में है, हालांकि यह पहली बार नहीं है जब बंगाल सरकार द्वारा संचालित इस अस्पताल में रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हुई है। इसकी एक लंबी फेहरिस्त है।कभी मेडिकल छात्रों, कभी प्रोफेसरों तो कभी हाउस स्टाफ की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। अस्पताल की आड़ में देह व्यापार चलने का भी आरोप लग चुका है। वहां मादक पदार्थों के तस्कर भी सक्रिय बताए जाते हैं।25 अगस्त, 2001 को सौमित्र बिश्वास नामक चौथे साल के मेडिकल छात्र को आरजी कर मेडिकल कालेज के छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका पाया गया था। उस घटना को भी पहले अस्पताल के अधिकारियों ने आत्महत्या करार दिया था लेकिन मृतक के स्वजनों व सहपाठियों ने संदेह जताते हुए आरोप लगाया कि छात्रावास में अश्लील रैकेट चल रोहा है।

## पिछले साल डॉक्टरों की सुरक्षा से जुड़ा विधेयक लाने की उठाई थी मांग, केंद्र सरकार पर भड़के शशि थरूर

**केरल, 19 अगस्त [एजेंसी]।**

केरल के तिरुअनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी। थरूर ने डॉक्टरों के साथ अपनी सहानुभूति और एकजुटता व्यक्त की। कांग्रेस सांसद ने केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा।शशि थरूर ने रविवार को एएनआई से बातचीत में कहा कि डॉक्टरों के साथ मेरी सहानुभूति और एकजुटता है। कम से कम दो वर्षों से मैं डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा के मुद्दे पर संसद में बोलता रहा हूं। तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के साथ मेरी थोड़ी बहस हुई थी। मैंने तर्क दिया था कि सरकार को अपने कर्तव्यों के दौरान चिकित्सा पेशेवरों की विशेष रूप से सुरक्षा के लिए एक विधेयक लाना चाहिए। थरूर ने आगे कहा कि सरकार ने मुझे बहुत अजीब जवाब दिया कि अगर वे एक पेशे के लिए ऐसा करना शुरू करते हैं तो उन्हें अन्य व्यवसायों के लिए भी ऐसा करना पड़ेगा। यह एक हास्यास्पद तर्क है। मैं हैरान और दुखी हूं कि इस बारे में जनता और सरकार की चेतना बढ़ाने के इन सभी प्रयासों के बावजूद एक और डॉक्टर को अपनी जान गंवानी पड़ी।बता दें कि अगस्त 2023 में शशि थरूर ने कार्यस्थल पर डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को हिंसा से बचाने के लिए कानून बनाने की मांग की थी।

उन्होंने ऐसी हिंसा के पीड़ितों को वित्तीय और कानूनी सहायता प्रदान करने की अपील भी की थी। इस दौरान थरूर ने केरल में जान गंवाने वाली एक महिला डॉक्टर का जिक्र किया था।उधर, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल कार्यालय ने रविवार को राज्य के मेडिकल कॉलेजों से संपर्क किया और महिला डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया।

## देश के 95 शहरों की हवा हुई साफ, वाराणसी समेत 21 सिटीज में सबसे अधिक सुधार, मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** जहरीली हवाओं से भले ही अब भी लोगों का दम घुटता है लेकिन वन एवं पर्यावरण मंत्रालय का दावा है कि देश के कई हिस्सों में हवाएं पहले के मुकाबले काफी साफ हुई है। मंत्रालय ने इसे लेकर एक रिपोर्ट भी जारी की है। जिसके तहत देश के 95 शहरों में वायु गुणवत्ता पहले के मुकाबले ठीक हुई है। इनमें से वाराणसी,लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, देहरादून, धनबाद व ग्रेटर मुंबई जैसे 21 शहरों में वायु गुणवत्ता में यह सुधार 40 प्रतिशत से भी अधिक हुआ है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत 131 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार को लेकर छेड़े गए अभियान में जल्द ही बाकी शहरों में भी सुधार की उम्मीद जताई गई है। वायु गुणवत्ता में सुधार को लेकर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की यह रिपोर्ट वैसे तो राहत देने वाली है, लेकिन अगले महीने से खराब हवाओं का शुरू होना वाला दौर चिंताएं बढ़ाने वाला भी है। जिसमें दिल्ली-एनसीआर सहित समूचे उत्तर भारत की हवाएं जहरीली हो जाती है। लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो जाता है। हर साल सितंबर महीने से शुरू होने वाला यह दौर अगले साल जनवरी-फरवरी तक चलता है। इस दौरान वायु गुणवत्ता में सुधार के सभी दावे दम तोड़ देते है। दीपावली के आसपास तो यह हवाएं बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच जाती है। खास बात यह है कि इस स्थिति में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्र से लेकर राज्य सरकारें सक्रिय दिखती है और बैठकें भी होती है।

वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई के लिए टीमें गठित की जाती है। इसके बाद जैसे ही स्थिति सामान्य होती है। सभी फिर से पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश के 21 शहरों में साल 2017-18 के मुकाबले 2023-24 में पीएम 10 के स्तर में 40 प्रतिशत से अधिक का सुधार हुआ है। इनमें वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, बरेली, आगरा, मुरादाबाद , देहरादून और धनबाद जैसे शहर शामिल है। वहीं 14 शहर ऐसे है, जिसमें वायु गुणवत्ता में 30 से 40 प्रतिशत के बीच सुधार हुआ है। इनमें गाजियाबाद, रायबरेली, अहमदाबाद, जोधपुर व कोलकाता आदि शहर शामिल है।

इसके साथ ही 16 शहर ऐसे है जिसमें वायु गुणवत्ता में 20 से 30 प्रतिशत का सुधार दिखा है। इनमें प्रयागराज, नोयडा, सूरत, रांची, गोरखपुर जैसे शहर शामिल है। मंत्रालय के मुताबिक 44 अन्य शहरों में भी वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है, लेकिन यह सुधार 20 प्रतिशत से कम है।

## शेख हसीना पर हत्या का मुकदमा दर्ज, अब तक नरसंहार समेत 12 मामलों में बनाई जा चुकी हैं आरोपी

**ढाका, 19 अगस्त [एजेंसी]।**



बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री के खिलाफ हत्या का नया मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर आरक्षण में कोटा विरोधी प्रदर्शनों के दौरान दो कॉलेज छात्रों की मौत को लेकर रविवार को हत्या का मामला दर्ज किया गया।शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मुकदमों में यह नया मामला जुड़ गया है। गौरतलब है कि सरकारी नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली के खिलाफ छात्रों के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद हसीना को 5 अगस्त को पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था और देश से भागना पड़ा था। फिलहाल वह भारत में रह रही हैं।ताजा मामला ढाका के सुत्रापुर इलाके में हिंसा के दौरान दो छात्रों की हत्या को लेकर है, जिसमें हसीना और 12 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। समाचार एजेंसी ने बांग्लादेश की सरकारी बीएसएस एजेंसी के हवाले से बताया है कि कोबी नजरूल सरकारी कॉलेज के छात्र इकराम हुसैन कावसर और शहीद सुहरावर्दी कॉलेज के छात्र उमर फारुक की हत्या पर ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट टोरिकुल इस्लाम की अदालत में यह मामला दायर किया गया था।पुलिस और अवामी लीग समर्थकों द्वारा अलग-अलग घटनाओं में दोनों छात्रों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वे 19 जुलाई को कोबी नजरूल सरकारी कॉलेज और शहीद सुहरावर्दी कॉलेज के सामने सैकड़ों अन्य लोगों के साथ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इससे हसीना के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जिनमें हत्या के नौ, अपहरण का एक और बांग्लादेश में मानवता के खिलाफ अपराध करने और नरसंहार के दो मामले शामिल हैं। हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन के बाद देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में 230 से अधिक लोग मारे गए, जुलाई के मध्य में छात्रों द्वारा शुरू किए गए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद से मरने वालों की संख्या 600 से अधिक हो गई।

मामले के अन्य आरोपियों में अवामी लीग के महासचिव और पूर्व मंत्री ओबैदुल कादर, ढाका साउथ सिटी कॉरपोरेशन के मेयर शेख फजले नूर तपोश, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान, पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद और पूर्व शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी नोफेल शामिल थे।इसके अलावा आईसीटी के पूर्व राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक, ढाका रेंज के उप महानिरीक्षक सैयद नुरुल इस्लाम, पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून, पूर्व डीबी प्रमुख हारुनोर रशीद, अतिरिक्त संयुक्त आयुक्त बिप्लब कुमार सरकार और डीएमपी आयुक्त हबीबुर रहमान भी नामित लोगों में शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले में अवामी लीग और उसके प्रमुख संगठनों के नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित 200-250 अन्य अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया था।

### खतरनाक मोड़ पर रूस-यूक्रेन युद्ध!

## जवाबी हमले में रूसी सेना ने कीव पर दागी मिसाइल, अलर्ट हुआ बेलारूस

**कीव।** रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना लगातार हमला जारी रखे हुए। कुर्स्क में रूस के जवाबी हमले को कमजोर करने के लिए यूक्रेन ने एक अन्य पुल को निशाना बनाया है। इसके कारण रूसी सेनाओं की आपूर्ति पर असर पड़ा है। हालांकि, मास्को यहां तक पहुंचने के लिए पोंटून और अन्य माध्यमों का उपयोग कर सकता है। यूक्रेनी वायु सेना की ओर से शुक्रवार को एक वीडियो साझा किया गया, जिसमें क्षतिग्रस्त पुल नजर आ रहा है। दो दिन पहले ही सियाम नदी पर बने एक अन्य पुल को ध्वस्त कर दिया गया था। आधिकारिक रूप से साफ नहीं हो पाया कि दूसरा पुल कहां है, लेकिन एक रूसी टेलीग्राम चैनल की ओर से कहा गया है कि यह सियाम पर जवान्नो के पास स्थित है। रूस की मैश समाचार साइट के अनुसार, हमलों के कारण क्षेत्र में अब केवल एक ही पुल बचा रह गया है। इसके कारण रूसी सेना तक पहुंचने वाली मदद और क्षेत्र से आम नागरिकों को निकालने के मॉस्को के प्रयासों की चुनौती बढ़ गई है। यूक्रेन का प्रयास है कि वह जीते हुए क्षेत्र पर अपना कब्जा बरकरार रखे। वहीं, रूस के रोस्तोव में यूक्रेनी ड्रोन के मलबे की चपेट में आकर एक गोदाम में आग लग गई। वहां डीजल का भंडारण किया गया था। इस बीच, रूस ने रविवार को कीव पर मिसाइलों से हमला बोला है। हमले में क्रुज और बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रयोग किया गया है। इस महीने रूस की ओर से कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल से तीसरा हमला है। रूस हर छह दिनों के बाद यहां मिसाइलें दाग रहा है। हालांकि, यूक्रेनी वायु सुरक्षा प्रणाली की ओर से इन्हें मार गिराया गया। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने बेलारूस के साथ अपनी सीमा पर 120,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है और मिन्स्क ने पूरी सीमा पर अपने लगभग एक तिहाई सशस्त्र बलों को तैनात किया है। पुतिन ने विदेश मामलों के लिए पहले उप मंत्री की नियुक्ति की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश के रक्षा और राजनयिक नेतृत्व में महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं।

## एक सितंबर से शुरू होगा भाजपा का सदस्यता अभियान, 10 करोड़ सदस्य बनाने का रहेगा लक्ष्य

**नईदिल्ली, 19 अगस्त [एजेंसी]।**



एक सितंबर से शुरू होने जा रहे सदस्यता अभियान में इस बार भाजपा सदस्यों के सत्यापन पर भी जोर देगी। 2019 के सदस्यता अभियान के अनुभवों को देखते हुए पार्टी ने यह फैसला किया है। उस समय बहुत सारे सदस्यों की दोहरी सदस्यता की शिकायत मिली थी। तब सत्यापन के बाद असली सदस्यों की संख्या में लगभग चार पाँच करोड़ का फर्क आया था। इसके साथ ही भाजपा नए सदस्य बनाने में इस बार पार्टी की विचारधारा भी जोर दे रही है। शनिवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह ने साफ कर दिया था कि भाजपा के सदस्यता अभियान का उद्देश्य सिर्फ नए सदस्य बनाना नहीं है, बल्कि आम लोगों तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाना है।ध्यान देने की बात है कि 2014 में अमित शाह के अध्यक्ष रहते हुए भाजपा 11 करोड़ सदस्य बनाने में सफल रही थी। इसके बाद जेपी नड्डा के अध्यक्ष रहते हुए 2019 में सात करोड़ नए सदस्य बनाए गए। इस तरह भाजपा को 18 करोड़ सदस्यों वाली पार्टी हो गई।इसमें अधिकांश सदस्य मिस्ड कॉल के माध्यम से बनाए गए थे।

जिनका सत्यापन सही तरीके से नहीं किया जा सका था। बाद में वास्तविक संख्या लगभग 13 करोड़ के पास आयी थी। भाजपा ने इस बार चुनाव वाले राज्यों झारखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर को छोड़कर 10 करोड़ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इन चार राज्यों में पार्टी को दो से तीन करोड़ सदस्य बनने का लक्ष्य रखा है।इस तरह से भाजपा इस बार 12-13 करोड़ सदस्य बनाने की सोच रही है।

## उधर तेल अवीव पहुंचे एंटनी ब्लिंकन, इधर इजरायल ने गाजा पर बोला हमला, 24 लोगों की मौत

**काहिरा।** हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम पर बातचीत बुधवार को काहिरा में फिर से शुरू होने वाली। मिस्त्र, कतर और अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधिमंडल बुधवार और गुरुवार को होने वाली वार्ता में भाग लेंगे। वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी रविवार को तेल अवीव पहुंचे। युद्ध शुरू होने के बाद से यह इजरायल की उनकी 10वीं यात्रा है। इस बीच इजरायल ने गाजा में 40 ठिकानों पर हमला बोला। इसमें 24 लोग मारे गए। मरने वालों में एक महिला और उसके छह बच्चे भी शामिल हैं।इजरायल ने नागरिकों को निशाना बनाने से इन्कार किया है। साथ ही कहा कि शनिवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में जेनिन में हवाई हमले में हमास के दो आतंकियों अहमद अबू आरा और राफेट दवासी को मार गिराया है। अमेरिकी विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दौरान इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। नेतन्याहू ने रविवार को कैबिनेट बैठक में कहा कि इजरायल गाजा में रखे गए अपने बंधकों की वापसी के लिए बातचीत में लगा हुआ है।

## यह तय करना अदालत का काम नहीं, तीन तलाक को लेकर दाखिल याचिका पर केंद्र सरकार ने क्यों दिया ये जवाब

**नईदिल्ली, 19 अगस्त [एजेंसी]।**



केंद्र सरकार ने 2019 के मुस्लिम महिला (विवाह संरक्षा का अधिकार) अधिनियम के तहत मुसलमान पुरुषों के तीन तलाक के अपराधीकरण की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दिए जाने पर हलफनामा दाखिल किया है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष तीन तलाक के अपराधीकरण का बचाव किया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में केंद्र ने सर्वोच्च अदालत को बताया कि इस अदूरदर्शी रिवायत से बचाव के लिए एक ऐसे कानूनी प्रविधान की आवश्यकता थी कि मुस्लिम पतियों को बलपूर्वक त्वरित तलाक देने से रोका जा सके।केंद्र सरकार की ओर से कानून मंत्रालय ने अपने हाल के दायर हलफनामे में कहा कि तीन तलाक की प्रथा ना सिर्फ सामाजिक संस्था विवाह के लिए घातक है, बल्कि यह मुस्लिम महिलाओं की स्थिति को बहुत दयनीय बनाता है।केंद्र ने कहा कि इससे सिर्फ निजी हानि ही नहीं होती, बल्कि यह सार्वजनिक जीवन में भी गलत है। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सर्वोच्च अदालत लगातार यह बताती जा रही है कि कानून कैसा होना चाहिए, यह तय करना अदालत का काम नहीं है। यह सिर्फ विधायिका का काम है। यह वही तय करती है कि देश के लोगों के लिए क्या अच्छा है और क्या अच्छा नहीं है।सरकार ने कहा कि अपराध को परिभाषित करना और उसके दंड विधान को निर्धारित करना ही उसका का मुख्य कार्य है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आग्रह किया गया है कि शायरा बानो केस के बाद तीन तलाक का कोई वैधानिक प्रभाव नहीं पड़ा है, इसलिए तीन तलाक का अपराधीकरण नहीं हो सकता है।

# सतर्कता विभाग ने जीएसटी एनफोर्समेंट के असिस्टेंट कमिश्नर को किया गिरफ्तार, सरकारी कोष में की थी लाखों की हेराफेरी

**भुवनेश्वर, 19 अगस्त [एजेंसी]।**

सरकारी शुल्क में धांधली करने के आरोप में जाजपुर के सिटी एण्ड जीएसटी एनफोर्समेंट असिस्टेंट कमिश्नर विनय भूषण त्रिपाठी को सतर्कता विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही उनके दो अन्य सहयोगियों ज्योति पटनायक एवं मोहम्मद गुलाम को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक 7 मई की रात करीबन एक बजे जाजपुर के रेवेणा में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे मौजूद एक ढाबा के पास विनय भूषण ने एक माल से लदे ट्रक को रोका था। इस ट्रक में 22 हजार 240 किलो स्क्राप भरा था, जिसकी कीमत 8 लाख 89 हजार 600 रुपये है। गाड़ी को रोकने के बाद उन्होंने इस स्क्रैप मालिक को फोन कर ढाई लाख रुपये रिश्वत मांगी। इसके साथ ही कहा था रिश्वत की रकम जब तक नहीं मिल जाती है, ट्रक को नहीं छोड़ा जाएगा। हालांकि उनकी यह धमकी काम नहीं आयी।इसके बाद उन्होंने जीएसटी नियम के आधार पर स्क्रैप को जब्त कर लिया और उस स्क्रैप को अन्य एक डीलर को बेच दिया। सरकारी खजाने में कुछ पैसे जमा करने के साथ ही बाकी करीबन 5 लाख 85 हजार 537 रुपये हड़प लिए। इनके नाम पर अब शुल्क छोड़ने के



नाम पर घूस लेने के आरोप सामने आया है। विनय भूषण त्रिपाठी ने रिश्वत की रकम नकद के रूप में ली और अपने परिवार के विभिन्न सदस्यों के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में जमा कर दी। बाद में इन्हें फिक्स्ड डिपॉजिट में बदल दिया गया।

उसने अपने पिता माधव त्रिपाठी के नाम से भी खाता खोला था और उसमें रिश्वत की रकम जमा कर रहा था।विजिलेंस की पूछताछ में पता चला कि विनय भूषण त्रिपाठी के पिता को इस बारे में कुछ भी पता नहीं था। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि उनके नाम पर कोई खाता है और उस खाते में नियमित रूप से पैसे जमा होते हैं। विनय भूषण त्रिपाठी के पास से विजिलेंस ने कई पासबुक जब्त किए हैं।ज्योति पटनायक, जिन्हें विनय भूषण त्रिपाठी के साथ गिरफ्तार किया गया था, ने जब्त किए गए स्क्रैप के मालिक होने का झूठा दावा किया था। इसी तरह मुहम्मद गुलाम स्क्रैप कारोबारी हैं।उक्त स्क्रैप उसने विनय भूषण त्रिपाठी से खरीदा था। गौरतलब है कि विनय भूषण के भुवनेश्वर यूनिट 2 स्थित क्वॉर्टर और उनके पिता के खुर्दा स्थित घर पर शनिवार को विजिलेंस ने छापेमारी की थी।

## देश में अभी तक एमपॉक्स का एक भी केस नहीं, बड़े पैमाने पर फैलने का खतरा नहीं, पीएम मोदी कर रहे निगरानी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संक्रामक बीमारी एमपॉक्स को लेकर भारत की तैयारी की समीक्षा की है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि भारत में फिलहाल इसका एक भी केस सामने नहीं आया है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने एमपॉक्स को लेकर सरकार की तैयारी और इसकी पहचान के लिए निगरानी तंत्र की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इसके हालात पर नजर रख रहे हैं। मंकीपॉक्स यानी एमपॉक्स संक्रामक बीमारी को पिछले ही हफ्ते डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय चिंता की जनस्वास्थ्य आपात स्थिति (पीएचईआइसी) घोषित किया है। यह जानलेवा बीमारी अफ्रीका के कई हिस्सों समेत देश के अलग-अलग भागों में फैली हुई है। प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने रविवार को बताया कि भारत में फिलहाल एमपॉक्स का एक भी केस दर्ज नहीं हुआ है।देश में एमपॉक्स की स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार नजर बनाए हुए हैं। बैठक में मौजूदा आकलन के बाद कहा गया कि बड़े पैमाने पर देश में इस बीमारी के फैलने का खतरा बहुत कम है। मिश्रा ने बताया कि संक्रमण को लेकर सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। बीमारी की जल्द पहचान के लिए टेस्टिंग लैब के नेटवर्क को और चुस्त-दुरुस्त करने को कहा गया है। मौजूदा समय में इसके परीक्षण के लिए 32 लैब उपयुक्त हैं।




बांध छलकते ही मछली पकड़ने मछुआरों व ग्रामीणों की भीड़, खतरे के बीच लापरवाही बरत रहे

# सावन में लगातार 28 दिनों की बारिश से झुमका बांध ओवरफ्लो

## वेस्ट वियर से झरने की तरह बह रहा पानी, झुमका में 23.370 मिलियन घन मीटर जलभराव पूरा हुआ



**कोरिया/बैकुंठपुर।** कोरिया में पिछले 28 दिनों से हो रही बारिश से झुमका बांध ओवर फ्लो हो गया। जिले में 1 जून से अब तक 781 मिमी बारिश हो चुकी है। इससे मध्यम सिंचाई परियोजना झुमका में जल स्तर काफी बढ़ गया। शनिवार शाम व रविवार दोपहर बैकुंठपुर में भारी बारिश हुई। रविवार दोपहर करीब डेढ़ घंटे की बारिश से झुमका के वेस्ट वियर से पानी तेज बहाव के साथ गिरने लगा।

जल संसाधन विभाग के अनुसार बांध में 23.370 मिलियन घन मीटर जलभराव हो गया है। पानी बढ़ने से नहर के दोनों गेट को खोल दिया गया है जिससे झुमका की नहरें भी पानी से लबालब भरी नजर आ रहीं हैं। जिले में दोपहर 12 से डेढ़ बजे के बीच काले घने बादलों के साथ भारी बारिश हुई। करीब 50 मिमी बारिश से बांध में पानी एकाएक बढ़ गया। बांध में पानी के तेज बहाव से बांध से 500 मीटर दूर स्थित आदिशक्ति मां रमदईया देवी धाम मंदिर परिसर में 2 फीट पानी भर गया है। इससे मंदिर परिसर में हनुमान मंदिर, शनि मंदिर तक पानी जमा हो गया। मंदिर की सीढ़ी पानी में डूब गई। तेज पानी बहाव के बीच में मां काली की प्रतिमा भी चारों तरफ से घिर गई है। आगे बारिश से मंदिर परिसर में पानी का जलभराव और अधिक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। पानी मुख्य मंदिर के अंदर तक पहुंच गया है। झुमका बांध के ओवर फ्लो होते ही वेस्ट वियर के पास स्थानीय लोग व मछुआरों की भीड़ जमा हो गई। लोग लापरवाही बरतते हुए खतरे के बीच मछली पकड़ते नजर आए। पानी के तेज बहाव के बीच कई मछुआरे पानी में उतरकर जाल फैलाए हुए थे। वहीं पानी भराव के बीच कुछ ग्रामीण एक किनारे से दूसरे किनारे तक पहुंच रहे थे। ऐसा ही नजारा वेस्ट वियर के पास भी देखा गया। सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चे व कुछ युवा खतरे को नजर अंदाज करते हुए वेस्ट वियर के ऊपर चढ़ गए। मां रमदईया मंदिर समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि मंदिर में ऐसा 11 साल में चौथी बार देखने को मिला, जब मंदिर परिसर में झुमका का जलभराव हो गया है। देखने से ऐसा लगता है मानो झुमका का पानी मां आदिशक्ति के पांव पखारने के लिए मंदिर परिसर में आ गया है। हालांकि मंदिर में पानी भरने के बाद यहां श्रद्धालुओं को सुरक्षा की दृष्टि से बाहर से ही दर्शन करने के लिए कहा जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के चेर स्टेट हाइवे झुमका पुलिया के पास पानी का तेज बहाव है। मुक्तिधाम का कुछ हिस्सा भी जलभराव से घिर गया है। भारी बारिश से लोगों को पानी के बीच जाने से मना किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य मंत्री के साथ एमसीबी जिले के अंतिम छोर के गांवो का दौरा की रेणुका सिंह ने



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी निभा रहे श्याम बिहारी जायसवाल ने 18 अगस्त को जिला एमसीबी के खडगवा ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित गांवों का दौरा किया। इस दौरान स्वास्थ से लेकर विकास के कई समस्याओं के बारे में ग्रामीण जनों से भेट मुलाकात कर जानकारी चाही। इस दौरान जिला पंचायत कोरिया की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह भी मौजूद रही। इस दौरान कई जगहों पर स्वास्थय मंत्री और जिला पंचायत अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। ग्रामीणों में भारी उत्साह था कि आज उनके पास उनके विधायक और मंत्री जी आए है साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी कई समस्याओं के बारे में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री जी को अवगत कराया। जिला एमसीबी के ब्लॉक खडगवा के विभिन्न गांव पेंड्री,गिद्वमुडी,देवाडांड,पैनारी,धवलपुर, मेंड्रा, कोडा, नेवरी,बेलबहरा का दौरा किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राम लखन साहू और कई वरिष्ठ कार्यकर्ता साथ में उपस्थित रहे।

## प्रेमनगर व रामानुजनगर के सैकड़ों गांव में ब्लैकआउट

**रामानुजनगर।** शनिवार की शाम सूरजपुर जिले के रामानुजनगर, प्रेमनगर क्षेत्र में आकाशीय बिजली के साथ हुई तेज वर्षा और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा से कई पेड़ धराशाई हो गए। कई पेड़ों के डंगाल टूटकर विद्युत तार में गिर गए।इस कारण विश्रामपुर से सप्लाई होने वाली बिजली व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। पिछले 24 घंटे से प्रेमनगर व रामानुजनगर विकासखंड ब्लैकआउट हो गया है। भारी बारिश में बिजली की इस अव्यवस्था के कारण पेयजल आपूर्ति ठप पड़ गई है।लोग अपने मोबाइल चार्ज करने के लिए भी भटक रहे हैं। मोबाइल डिस्चार्ज होने के कारण लोगों का आपस में संवाद भी नहीं हो पा रहा है। सूरजपुर के बिजली अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे। हालांकि बिजली विभाग के अधिकारियों का दावा है कि रामानुजनगर क्षेत्र के केतका सब स्टेशन को छोड़कर रविवार की शाम साढ़े पांच बजे के बाद विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी गई है किंतु रामानुजनगर, प्रेमनगर क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति अभी भी है। तेज हवा और बारिश के कारण 15 स्थान पर पेड़ टूट कर तरंगित तार के ऊपर गिर गए।दो स्थानों पर पेड़ गिरने से तार टूटकर जमीन पर पसर गया।तीन स्थानों पर इंसुलेटर ब्रष्ट हो गया। 33 केवी हाई टेंशन लाइन बंद हो जाने के कारण पूरे क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है।

# स्वस्थ जीवन के लिए स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी:कलेक्टर



**कोरिया।** बैकुंठपुर विकासखण्ड के पटना में जिले के आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने हेतु कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देश पर 21 अगस्त को एक दिवसीय ''मेगा हेल्थ शिविर'' का आयोजन किया जा रहा है।

मेगा हेल्थ शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। इस शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग, अस्थि रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, मेडिसिन विशेषज्ञ व मनोरोग चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच व उपचार हेतु परामर्श दी जा जाएगी। इसके अलावा महिलाओं में होने वाले कैंसर बीमारी की जांच व उपचार के लिए भी सलाह दी जाएगी। शिविर में मातृत्व-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गर्भवती व शिशुओं के स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, एनीमिया, सिकल सेल, एचआईवी, मलेरिया-डेंगू जांच, इन्फ्लूएंजा एच 1 एन 1 जांच - उपचार, बी.पी., शुगर जांच, चिरायु टीम द्वारा बच्चों की हृदय रोग संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। स्वास्थ्य के स्तर को बढ़ाने के लिए गर्भवती महिलाओं और बच्चों का स्वस्थ रहना अति आवश्यक है ताकि विकास दर उच्चतम स्तर पर हो व मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस मेगा हेल्थ शिविर के माध्यम से गाँवो में रहने वाले आखिरी व्यक्ति तक स्वास्थ्य योजनाओं व कार्यक्रमों को पहुंचा सकते हैं। इस तरह से व्यापक स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने के लिए मेगा हेल्थ शिविर के माध्यम से सुविधा मुहैया कराया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा है कि हर व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, आवास, शुद्ध पेयजल मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वास्थ्य का उचित देखभाल करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य जांच-उपचार कराना इस शिविर का उद्देश्य है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर ने आम लोगों से अपील की है कि कि पटना में 21 अगस्त को आयोजित मेगा हेल्थ शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## भैयाथान के 78 ग्राम पंचायतें 24 घंटे से अंधेरे में

**भैयाथान।** लगभग 24 घंटे बीतने के बाद भी विद्युत विभाग सिर्फ ब्लॉक मुख्यालय में बिजली व्यवस्था बहाल कर पाई है। विकासखंड भैयास्थान के लगभग 78 ग्राम पंचायत अंधेरे में हैं। शनिवार को लगभग आठ बजे रात्रि में विद्युत गायब हुई। विभाग विभाग कोई जवाब नही दे पा रहा है। विभाग के अधिकारी जेई, एई कोई जानकारी नही दे रहे हैं।अगर बात हो भी जाए तो बिजली विभाग के कर्मचारी कम होने का हवाला देकर कन्नी काट ले रहे हैं। जबकि भैयाथान क्षेत्र में सिर्फ तेज बारिश हुई है।

# 78वें स्वतन्त्रता पर्व पर अमृत सरोवर तटों में लहराया तिरंगा





**कोरिया।** उत्साह और उमंग से भरपूर आजादी का पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूरे विधान के साथ मनाया गया। इस आजादी के गौरव क्षणों को अमृत सरोवर तटों ने साक्षी होकर सदैव के लिए स्मृतियों में सँजोया।

उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर कोरिया श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देश पर पूरे कोरिया जिले में आजादी का पर्व पूरे गरिमा के साथ मनाया गया और विशेषकर अमृत सरोवर तट इस आयोजन के साक्षी बने। डॉ आशुतोष ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही जल संसाधन का सर्वाधिक लोकप्रिय संसाधन सरोवर रहे हैं। आजादी के अमृत काल में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पूरे देश में अमृत सरोवर बनाने का अभियान चलाया। इस कड़ी में कोरिया जिले में भी 54 अमृत सरोवरों के निर्माण किया गया है। यह सभी सरोवर न्यूनतम दस हजार घनमीटर जलभराव की क्षमता रखते हैं। आजादी के राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के सुअवसर पर सभी अमृत सरोवर तटों पर स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंचो ने गर्व से तिरंगा फहराया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ आशुतोष ने बताया कि राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार पहले अमृत सरोवर तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों ने साफ सफाई की। स्वच्छता के बाद ग्रामीणों ने उल्लास के साथ हमारे देश की शान तिरंगा फहराया और फिर गांव के प्रमुख मार्गो पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने भी कई ग्राम पंचायतों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे आयोजन के दौरान ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता से आजादी के पर्व में हिस्सेदारी निभाई। इस आयोजन के दौरान ग्राम पंचायत पटना में सरपंच श्रीमती गायत्री सिंह, ग्राम पंचायत पुसला में श्री जयपाल कुजूर, सोनहत में श्री पवन साय पंडो, ग्राम पंचायत पोंड़ी में श्री बहादुर कमलवंशी, ओदारी में श्री बलित बहादुर सोनपाकर, ग्राम पंचायत दामुज में श्रीमती जीवन्ति तिर्की, ग्राम पंचायत किशोरी में श्रीमती सोनकुंवर, ग्राम पंचायत केशगंवा में श्रीमती मानमती सिंह, ग्राम पंचायत रजौली में सरपंच श्रीमती बसंती बाई पैकरा सहित अन्य अमृत सरोवरों के तट पर भी स्थानीय सरपंच ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जागव-बोटर निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए नामावली पुनरीक्षण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आगामी नगर पालिकाओं तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 सम्पन्न कराने के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी करने, निर्वाचक नामावली शुद्ध एवं त्रुटि रहित बने तथा मतदाता जागरूकता अभियान जागव-बोटर जाबो के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी की जाएगी जिसके तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने एवं मतदान प्रक्रिया को सरलता से संपन्न कराने, मतदाता जागरूकता अभियान जागव-बोटर जाबो कार्यक्रम के तहत निर्वाचक नामावली का प्रचार-प्रसार सार्वजनिक स्थानों पर किए जाने के लिए नगर पंचायत पटना के तहसीलदार उमेश कुमार कुशवाहा, जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अलेक्जेंडर पन्ना तथा सोनहत के मनोज कुमार जगत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन सभी सहायक नोडल अधिकारी ''जाबो'' कार्यक्रम के तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण, तैयारी कार्य का प्रचार-प्रसार करेंगे।

# जिले में फ्लोरोसिसिस एवं नियंत्रण के लिए सम्बंधित विभाग आवश्यक कदम उठाएं: चंदन त्रिपाठी

**कोरिया।** फ्लोरोसिसिस रोकथाम व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने उक्त कार्यक्रम के तहत जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, पंचायत, समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि फ्लोरोसिसिस एक सार्वजनिक लोक स्वास्थ्य समस्या है, जो लंबे समय तक पीने के पानी, खाद्य उत्पादों एवं औद्योगिक उत्सर्जन के माध्यम से फ्लोराइड के अत्यधिक सेवन के कारण होता है, जिसके कारण दंत फ्लोरोसिसिस, स्केलेटल फ्लोरोसिसिस एवं नान-स्केलेटल फ्लोरोसिसिस जैसी प्रमुख स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां होने की संभावना बनी होती है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार भारतीय मानक ब्यूरो ने फ्लोराइड की वांछनीय सीमा एक पीपीएम यानी एक मिलीग्राम प्रति लीटर बताया है। यदि ग्रामीण क्षेत्र के पेयजल स्त्रोतों में फ्लोराइड की मात्रा 1.5 मिलीग्राम प्रति लीटर सीमा से अधिक मिलने पर, उस क्षेत्र के समस्त पेयजल स्त्रोतों का परीक्षण प्रयोगशाला से पेयजल स्त्रोत के फ्लोराइड से प्रभावित होने का जांच आवश्यक है। ऐसे में संबंधित विभाग से समन्वय करते हुए फ्लोरोसिसिस से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण, चयनित क्षेत्र में फ्लोरोसिसिस नियंत्रण, फ्लोरोसिसिस के रोकथाम, निदान और प्रबंधन के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के साथ आम लोगों में जागरूकता लाने की जरूरत है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों के स्कूली बच्चों सहित समुदाय में फ्लोरोसिसिस की जांच करने के निर्देश दिए हैं। लोगों में फ्लोरोसिसिस की अधिकता से होने वाले रोगों के उपचार व रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाने व मरीजों का चिन्हांकन कर समय पर उनका इलाज करने के निर्देश दिए हैं। फ्लोरोसिसिस नियंत्रण के लिए फ्लोराइड आधिक्यता से होने वाली बीमारियों की पहचान एवं जागरूकता लाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। कोरिया सहित प्रदेश के सात जिलों बालोद, कांकेर, कोरबा, कोंडागांव, महासमुंद, रायपुर में भारत सरकार द्वारा संचालित फ्लोरोसिसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम संचालित है।

## हत्या के मामले का खुलासा कर पुलिस ने 2 को किया गिरफ्तार



**सूरजपुर।** ग्राम कुप्पा निवासी रामसेवक सिंह ने थाना ओड़गी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जुलाई 24 को बहनोई रामशरण सिंह निवासी जजावल से ससुराल कुप्पा आया था और खाने पीने के लिए घर से बाहर चला गया था दूसरे दिन उठाये तो नहीं उठा ठुडी जबड़ा के पास चोट का निशान दिखाई दे रहा था। जो गिरने या कठोर चीज से मारने से उसकी मृत्यु हुई है। सूचना पर मर्ग कायम किया और शव का पीएम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर के द्वारा मृतक की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति का लेख किए जाने पर अपराध क्रमांक 61/24 धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने प्रकरण का खुलासा कर आरोपी को पकड़ने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना ओड़गी पुलिस मामले की विवेचना के दौरान संदेही रामसेवक से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने बताया कि मृतक जजावल से अपने ससुराल कुप्पा आया था जहां खाने-पीने के बाद गाली-गलौज करने लगा, मना करने पर भी नहीं माना जिस कारण आवेश में आकर यह ने हथौड़ा से मारकर हत्या कर दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद फुलेश्वरी के साथ मिलकर लाश को जलाने की नियत से जजावल लेकर गए जहां मृतक के घर वाले पीएम कराने के बाद शव को जलाने की बात कहे। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथोड़ा जप्त कर आरोपी रामसेवक पिता शिवमंगल सिंह उम्र 66 वर्ष ग्राम कुप्पा नवापारा, थाना ओड़गी व फुलेश्वरी पति स्व. रामशरण सिंह उम्र 52 वर्ष ग्राम जजावल बाजारपारा, थाना चंदौरा को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी ओड़गी मनी प्रसाद राजवाड़े, एएसआई बृजकिशोर पाण्डेय, प्रधान आरक्षक लखेश साहू, रामाधीन श्यामले, आरक्षक जितेन्द्र पटेल, अमरेन्द्र दुबे, हृदय लाल, बिजेश राजवाड़े, पन्नेलाल राजवाड़े व महिला आरक्षक सुकन्या सिंह सक्रिय रहे।

# आस्था ज्वेलर्स से सोने का जेवर चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



**सूरजपुर।** स्थानीय आस्था ज्वेलर्स संचालक प्रकाश सोनी ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30.06.24 को एक अज्ञात व्यक्ति इसके दुकान में आया चांदी का ताबिज खरीदने की बात बोला और 230 रूपये में ताबीज को खरीदा और सोने का झुमका दिखाने को बोला तब यह सोने का झुमका दिखा रहा था उसी समय अज्ञात व्यक्ति एक नग सोने का झुमका और एक सोने का छोटा लॉकेट चोरी कर भागने लगा जिसे पकड़ो-पकड़ो बोलते हुए दौड़ा कर पकड़ने का प्रयास किया किन्तु वह भाग निकला। थोड़ी दूर में उसका दूसरा साथी मोटर सायकल में था जो उसे बैठाकर बैंकुण्ठपुर तरफ भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 366/24 धारा 380, 34 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर एम.आर. आहिरे (भापुसे) ने ज्वेलरी दुकान में हुए वारदार को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतासाजी कर धरपकड़ करते हुए मामले का खुलासा करने पुलिस टीम गठित कर लगाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम लगातार विवेचना करते हुए आस्था ज्वेलर्स सहित सूरजपुर शहर के कई सीसीटीव्ही फुटेज खंगाला और सूचना तंत्र को सक्रिय कर लगाया गया। विवेचना के दौरान विश्वस्त सूत्र से जानकारी मिली कि 2 इरानी व्यक्ति अम्बिकापुर में रूके है और सोने का सामान बेचने के फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम फौरन अम्बिकापुर पहुंची और दबिश देकर दो संदेही उड़ीसा निवासी किस्मत अली और कासीम अली को पकड़ा। बारीकी से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने बताया कि अपने एक अन्य साथी के साथ सूरजपुर मोटर सायकल से आए और आस्था ज्वेलर्स से एक अन्य साथी के द्वारा एक नग सोने का झुमका व एक लॉकेट लेकर भागना बताया। कार्यपालिक दण्डाधिकारी की मौजूदगी में पहचान कार्यवाही भी कराई गई। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 1 नग झुमका कीमत 50 हजार रूपये का बरामद कर आरोपी (1) किस्मत अली पिता मनौवर अली उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 15 पटेलनगर, मोहम्मद खरियार रोड, थाना जोंक, जिला नोपाडा उड़ीसा (2) कासीम अली पिता जवाहर अली उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 13 धोबी पाड़ा, थाना जोंक, जिला नोपाडा उड़ीसा को गिरफ्तार किया गया।

## एसईकेएमसी अध्यक्ष ने सिंघाली का किया दौरा

**कोरबा।** एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष गोपालनारायण सिंह ने इकाईयों को दौरा शुरू कर दिया है। पिछले दिनों सिंघाली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान वे अधिकारियों व कोयला कामगारों से भी मुलाकात की। गोपालनारायण सिंह के सिंघाली पहुंचने पर उनका रमेश परिहार, श्यामसुंदर सिंह, संतोष साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके पहले श्री सिंह गेवरा में जाकर अधिकारियों से मुलाकात की थी। इस दौरान कई समस्याओं को सामने रखते हुए विचार विमर्श किया गया। संगठन को आगे बढ़ाने पर भी कामगारों के साथ चर्चा की गई।

## गोठान को चालू करने की मांग

**कोरबा।** कांग्रेसियों ने बंद पड़े गोठान को चालू करने को लेकर ब्लाक व तहसील स्तर पर आंदोलन चलाया। उन्होंने तहसीलदार व अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे। गेवरा में कांग्रेस नेता तनवीर अहमद, दिलीप सिंह, विकास शुक्ला, विशाल शुक्ला, प्रशांति सिंह, रहमान खान, शत्रुहन पटेल, राजेश राठौर, दीपेश यादव के द्वारा नपा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

# जिले में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**कोरबा।** भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक का पर्व रक्षाबंधन आज ऊर्जानगरी कोरबा समेत आसपास के उपनगरों एवं ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांध उनकी लंबी उम्र और सफलता की कामना की। बदले में भाईयों ने जीवन भर बहनों की रक्षा करने का वादा किया। हिंदू धर्म में राखी को रिश्तों में बढ़ावा देने का दिन माना जाता है। इस दिन को सभी परिवारों में अलग-अलग मान्यताओं और प्रेम की भावनाओं के साथ मनाया जाता है। इस साल राखी का पर्व सभी के लिए लाभ से भरा रहा। सावन माह के आखिरी सोमवार के दिन पूर्णिमा व रक्षाबंधन पर्व पड़ने से इसका महत्व और भी बढ़ गया था। सुबह भद्रा का साया पड़ने के कारण रक्षाबंधन का पर्व दोपहर डेढ़ बजे के बाद मनाया गया। पर्व को लेकर बहनों में भारी उत्साह रहा। जैसे ही भद्रा का साया हटा, बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने पहुंचीं और माथे पर तिलक-रोली लगाकर कलाई पर रक्षा सूत्र बांधी। बदले में भाईयों ने उपहार प्रदान की। जबकि मूल रूप से परंपरा का निर्वहन करने वाला वर्ग पंचाग से जुड़ी व्यवस्था को मानता है। तीज त्यौहार का निर्धारण इसी आधार पर होता है। इसलिए इस बार घरों में रक्षाबंधन दोपहर 1.30 के बाद संपन्न किया गया। पुरोहित ने बताया कि इससे पहले भद्रा काल की उपस्थिति मौजूद रही। इस दोष युक्त कालखंड माना जाता है और इस स्थिति में विधान की पूर्ति नहीं होती।





### मंत्री के डी-वन आवास में मना राखी का त्योहार

क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के पंचवटी के समीप स्थित सरकारी आवास में राखी का त्योहार मनाने के लिए



बहनी संग मन राखी तिहार कार्यक्रम का आयोजन रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के कलाई पर राखी बांधी। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर बाद तक चला। इस दौरान डी-वन आवास में राखी बांधने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

### जिला जेल में भी आयोजन

जिला जेल कोरबा में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं एवं जेल में बंद कैदियों की बहनों व स्वजनों ने जेल परिसर पहुंचकर वहां बंद कैदियों को राखी बांधी। इस अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किया गया था।

### सीआईएसएफ जवानों के साथ मनाया पर्व

रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व जनता एवं कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवानों के साथ सर्वमंगला स्कूल की बहनों ने रक्षाबंधन पर्व मनाया। उनके दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की। प्रगति नगर दीपका स्थित सीआईएसएफ बैरक में दोपहर लगभग स्कूल छात्राओं (बहनों) ने बटालियन में रक्षाबंधन का पर्व सुरक्षा बलों के जवानों के साथ मनाया। यहां बटालियन के अधिकारियों और जवानों को परंपरा अनुसार तिलक करके उनकी आरती उतारी और रक्षा सूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान सुरक्षा बलों के जवान भाईयों ने बहनों को उनकी रक्षा का वचन दिया। स्कूल की बहनों ने कहा कि सीआईएसएफ के फौजी भाई अपने परिवार से दूर देश की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर होते हैं इसलिए हम सभी महिला बहनों ने फौजी भाईयों की सुरक्षा उनकी दीर्घायु स्वास्थ्य की कामना के साथ एक परिवार के बहन की तरह उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर उनके साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य नारायण चंद्रा, शिक्षिका आरती महतो के साथ विद्यालय की छात्राएं अदिति राठौर, अनीषा, ओमिषा, काजल, रागिनी, सीमा पल्लवी, अनामिका, स्नेहा, नंदिनी, गरिमा, सोनिया चाहत, रिद्धी, निधी, रोशनी, प्रीति, तन्नू, साक्षी, रानी, राखी, शीतल, श्रेया, श्रद्धा, गरिमा, पायल सहित कुल 28 छात्राएं उपस्थित थीं।

### आरएसएस ने सेवा बस्तियों में मनाया पर्व

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्ष में 6 उत्सव मनाता है। रक्षाबंधन इनमें से एक है। कोरबा में स्वयंसेवकों के द्वारा चिमनीभट्टा, ढोढ़ीपारा, मोतीसागर पारा, अटल आवास, पौड़ीबाहर सहित 51 ऐसी बस्तियों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और यहां पर रहने वाले बन्धुओ को रक्षा सूत्र बांधा। इन स्थानों पर सामाजिक सरोकार का प्रदर्शन करने की कोशिश काफी समय से की जाती रही है।

### पूर्व मंत्री ने दी रक्षाबंधन पर्व की बधाई



पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा वासियों को रक्षा बंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन का पर्व प्रेम और विश्वास का वह अटूट धागा है जो बहनों को भाइयों से जोड़ता है। रक्षाबंधन के दिन बहन अपने अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर अपने भाई के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की मंगल कामना करती है। श्री अग्रवाल ने कोरबा क्षेत्र सहित प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## महिलाओं का किया गया सम्मान

**कोरबा।** प्रथम सांसद मिनीमाता की पूण्यतिथि पर पताड़ीधाम के द्वारा महिलाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान लखन लहरे, आत्माराम, गैसराम मिरी, कमलेश अनंत, गणेश बघेल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उल्लेखनी काम करने वाली क्षेत्र की महिलाओं का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि प्रथम सांसद मिनीमाता से महिलाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। आज इनके बताये मार्ग पर चलकर महिलाएं काम कर रही हैं।

## गितेश को मिलेगा छग खेल अलंकरण पुरस्कार

**कोरबा।** गितेश कुमार यादव पिता धनाऊ यादव माता डिंपल यादव ने 42वीं एनटीपीस जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता गोवा में स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किया था। उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य खेल अलंकरण शहीद कौशल यादव पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उनकी इस उपलब्धि पर कोच भरत कुमार यादव, भानु यादव, सेद कुमार यादव, कृष चौहान और कोरबा में तीरंदाजी को जिंदा रखने वाले खेल विशेषज्ञ एवं कमला नेहरू महाविद्यालय के



पूर्व प्राचार्य सतीश कुमार शर्मा व छत्तीसगढ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका ने उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने इस प्रतिभावान खिलाड़ी को निरंतर आगे बढ़ने, अपने जिला और प्रदेश का नाम रौशन करने आशीर्वाद दिया है। उल्लेखनीय होगा कि एसईसीएल सेन्ट्रल स्टेडियम कोरबा में प्रतिदिन तीरंदाजी के प्रशिक्षण दिया जाते है। प्रशिक्षण प्राप्त करने अनुभवी कोच सेद कुमार यादव 9827922179 से सम्पर्क किया जा सकता है। गितेश के अलावा विभिन्न खेलों में प्रदेश के चार खिलाड़ियों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। इनमें रायपुर के भावेश सारंग पिता बुधराम सारंग (वेटलिफ्टिंग), दुर्ग जिले से हिमांशु नेताम पिता टामन लाल नेताम (फेंसिंग) और कुमारी डी. कीर्ति पिता डी. दूरबाबू (बास्केटबाल) शामिल हैं।

## साधक जायेंगे बिलासपुर

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा 26 अगस्त को बिलासपुर छठघाट में साधना शिविर का आयोजन किया गया है। इस दौरान गुरूदेव अरविंद श्रीमाली गुरूदीक्षा के अलावा विशेष दीक्षा प्रदान करेंगे। भजन-कीर्तन के अलावा प्रवचन का कार्यक्रम होगा। इस साधना शिविर में कोरबा के भी साधक भाग लेंगे। घनश्याम बरेठ ने बताया कि राकेश साहू, राजेश साहू के अलावा बिलासपुर के साधक तैयारी में जुटे हुए है।

## महासंघ की बैठक 25 अगस्त को

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी महासंघ की बैठक 25 अगस्त को बिलासपुर में आयोजित की गई है। इस बैठक में राष्ट्रीय सचिव आरएस जायसवाल, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, शब्बीर मेमन, यशवंत राठौर, पूर्णिमा साहू, सूरेश साहू शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए भामसं जिला अध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया कि बैठक में आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जायेगी। मैदानी स्तर पर आंदोलन किये जायेंगे। मंडल को कई मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया था। जिसको लेकर सभी क्षेत्रों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। दर्री क्षेत्र में केदार राठौर, हेतराम खुंटे, कोरबा पूर्व में संदीप राठौर, श्याम सुंदर खुंटे के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

## निजीकरण के खिलाफ कामगारों का धरना

**कोरबा।** निजीकरण के खिलफ एसकेएमएस व केएसएस के द्वारा मिलकर श्रमिक चौक गेवरा में धरना दिया गया। इसके पहले सभी इकाईयों में एचकेएमएस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। आने वाले दिनों में आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिनों एसकेएमएस व केएसएस के कार्यकर्ताओं ने श्रमिक चौक गेवरा में धरना देते हुए प्रदर्शन किया। एसकेएमएस के दीपक उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि इकाई स्तर पर भी प्रदर्शन किये गये है। गेवरा के एलपी अघरिया, हरनारायण केशरवानी, कृपाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इसी तरह कोरबा एरिया के कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि महामंत्री धर्मा राव के नेतृत्व में इकाईयों में प्रदर्शन किये गये। सराईपाली में चंद्रशेखर तिवारी, अशोक परिहार, बगदेवा में ऋषभ सिंह विदेशी, ढेलवाडीह में प्रमोदधर दीवान, छुराकछार में मनीष सिंह, महेंद्र सिंह, मानिकपुर में राजू श्रीवास्तव, उज्वल बेनर्जी, केंद्रीय कर्मशाला में राजेश पाण्डेय व एनके साव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। कुसमुण्डा के केएसएस के सौजी जॉन ने बताया कि यहां पर भी बैठक लेकर आंदोलन की रूप रेखा बनाई जायेगी। निजीकरण के खिलाफ कोयला कामगारों में व्यापक आक्रोश है।

## सावन को समर्पित रहा उत्सव, कुंदा बनी क्वीन




### संयुक्त भगिनी मंडल ने किया आयोजन

**कोरबा।** संयुक्त भगिनी मंडल कोरबा के द्वारा सावन उत्सव का आयोजन गजानन साई मंदिर कोरबा में किया गया। सर्वप्रथम मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना जोशी एवं सचिव श्रीमती प्राची जाखड़ी ने हल्दी कुमकुम तथा फूलों की वर्षा से सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस उत्सव में बालको, एचटीपीएस, एनटीपीसी, कोरबा पूर्व की महाराष्ट्रीयन समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती स्वाती रेगे की गणपती वंदना से किया गया। उसके बाद श्रीमती जया जोशी, श्रीमती नंदा फडतरे, श्रीमती मधु जायसवाल एवं श्रीमती मालती जोशी द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गयी।

सावन झूले का आनंद सबने लिया और सावन सुंदरी बनी श्रीमती कुंदा पवार को पुष्पगुच्छ एवं मुकुट पहना कर सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन श्रीमती प्राची जाखड़ी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन श्रीमती स्मिता देशपांडे द्वारा किया गया।

## एनएच पर पहुंच रहे दंतैल, बढ़ा खतरा



**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज में मौजूद हाथियों की निगरानी वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही है। बावजूद इसके दंतैल हाथी एनएच पर पहुंच जा रहे हैं जिससे खतरा बढ़ गया है। दंतैल के मुख्य मार्ग पर पहुंचने पर आवागमन प्रभावित हो रहा है।

### सेफ्टी सदस्यों ने खदान का किया निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व के सेफ्टी सदस्यों ने ओपन व भूमिगत खदान का अलग-अलग निरीक्षण किया। खदान का निरीक्षण करने के लिए दो टीम बनाई गई थी। इस टीम ने सराईपाली, बगदेवा, मानिकपुर व सिंघाली पहुंचकर कोयला कामगारों से मुलाकात की और समस्याओं को जाना। सेफ्टी सदस्य ने बताया कि लगातार खदानों के निरीक्षण होते रहे है।

## महाप्रबंधक जेबीयर ने दिये पुरस्कार

**कोरबा।** सीनियर क्लब में आयोजित ब्रिज प्रतियोगिता के समापन होने पर पुरस्कार केंद्रीय कर्मशाला के मुख्य महाप्रबंधक श्री जेबीयर, एचएमएस के नाथूलाल पाण्डेय व एसईकेएमसी के गोपालनारायण सिंह ने प्रतियोगियों को पुरस्कार दिया। केंद्रीय कर्मशाला ने प्रथम व सुहागपुर ने उपविजेता का खिताब जीता। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप सिंह, बीआर सुमन, राजेश पाण्डेय, संतोष टण्डन, भागवत साहू , राजेंद्र यादव, छतलाल खुंटे, कीर्तन टेकाम, डहारू राम ने सहयोग प्रदान किया।

## मंगल भवन बालकोनगर में एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग



**कोरबा।** मंगल भवन बालकोनगर में एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग प्रोजेक्टर के माध्यम से एवं 3 जोड़े का दहेज मुक्त रमैनी (विवाह) कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन सत्संग सुनने और रमैनी (विवाह) के कार्यक्रम में उपस्थित हुए। संत रामपाल की संस्था ने यहां आयोजन किया। इसमें बताया गया की मानव जीवन केवल परमात्मा प्राप्ति के लिए हुआ है। शास्त्रविधि अनुसार साधना करके ही मोक्ष को प्राप्त किया जा सकता है। पाप कर्म का कष्ट सद्भक्ति करने से कटता है। कार्यक्रम में संस्था से संबंधित काफी लोग शामिल हुए।

# रजगामार भूमिगत खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन को उतारने की तैयारी, सिंघाली खदान में भी इसी फार्मूले से होगा कोयला खनन

**कोरबा।** अब अंडरग्राउंड खदानों से कोयला उत्पादन करने में नहीं दिक्कत होगी, क्योंकि अब कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी एसईसीएल नई प्रयोग के साथ सभी अंडरग्राउंड कोयला खदानों में कन्टीन्यूअस माइनर मशीन से कोयला उत्पादन को बढ़ाने की है। इसके लिए कोरबा एरिया की भूमिगत कोयला खदान रजगामार को चिन्हित किया गया है। कंटीन्यूस माइनर मशीन को उतारने की प्रक्रिया जारी है।



इसी साल पहली तिमाही में मशीन को रजगामार खदान में उतारने की योजना बनाई गई थी। लेकिन इससे जुड़ी प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो सकी है। इससे देरी हो रही है। रजगामार के साथ-साथ कोरबा एरिया की सिंघाली खदान में भी कंटीन्यूस माइनर मशीन से कोयला खनन की योजना है। बता दे की पिछले साल 10 जनवरी को कंपनी ने विश्रामपुर एरिया के अधीन स्थित केतकी खदान से एमओडी (माइन डेवलपर एंड ऑपरेटर) कोयला खनन शुरू किया गया है। यह कोल इंडिया की पहली एमओडी माइन है। इस खदान में कंटीन्यूस माइनर मशीन उतारी गई है।आने वाले दिनों में रजगामार, सिंघाली सहित अन्य भूमिगत कोयला खदानों में खनन के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाना है। गौरतलब है कि रजगामार और सिंघाली खदान भी घाटे में चल रही है। यहां मैन पावर अधिक है और कोयला खनन कम है। स्थिति ऐसी है कि इन दोनों खदानों से कोयला निकालकर यहां काम करने वाले कर्मचारियों का दिया जाना संभव नहीं है। अंडरग्राउंड खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर कोल इंडिया की सहयोगी कंपनी एसईसीएल नई प्रयोग के साथ आगे बढ़ रही है। इसकी जानकारी एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेमसागर मिश्रा ने दी है।

मिश्रा स्वतंत्रता दिवस पर कंपनी मुख्यालय बिलासपुर में कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंडरग्राउंड कोयला खनन से पर्यावरण को अधिक नुकसान नहीं हो होता है। इसे ध्यान में रखते हुए कंपनी ने अंडरग्राउंड खदानों में 16 कन्टीन्यूअस माइनर (सीएम) मशीन को उतारा है।कन्टीन्यूअस माइनर मशीन की मदद से कोयले की कटिंग कर बाहर निकाला जा रहा है। आने वाले दिनों में कंपनी की योजना 58 कन्टीन्यूअस माइनर और उतारने की है। वही मशीन की एक और खासियत है कि इससे 100 एमएम साइज का कोयला काटकर बाहर निकाला जाएगा। खदान से कोयले का बड़ा टुकड़ा बाहर नहीं आएगा। साथ ही आपको बता दे की कंटीन्यूस माइनर मशीन के इस्तेमाल से 24 घंटे में अधिकतम एक हजार टन कोयला काटकर बाहर निकाला जा सकता है। वर्तमान में जिस भूमिगत खदान में इस्तेमाल होने वाली एसडीएल से रोजाना 150 कोयला को उठाकर कन्वेयर बेल्ट तक पहुंचाया जाता है। जबकि लोड हॉल डंप के जरिए प्रतिदिन अधिकतम 200 टन कोयला फेस से बाहर निकालता है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com